# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 55 | गौतमबुद्धनगर, बुधवार 24 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




**P- 3**

तालाबंदी के बाद प्राधिकरण की लगाई



**P- 4**

पुलिस ने रामविलास हत्याकांड की खुलासा, 4 गिरफ्तार



**P- 5**

संयुक्त राष्ट्र ने जताई चिंता कहा बारूद के ढेर पर बैठे हैं मध्य पूर्व के देश



**P- 6**

आईसीसी की 2023 की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान बने



## हैप्पी मॉर्निंग

एक चतुर महिला ने फेसबुक पर लिखा...! मन को वश में करना सीख रही हूं आजकल... शिमला जाने का मन होता है तो शिमला मिर्च खा लेती हूं...! मसूरी जाने का मन होता है तो मसूर की दाल खा लेती हूं...! और उधमपुर जाने का मन होता है तो घर में उधम मचा देती हूं...!



## शायरी

दिखावा कभी मत करना,<br>
जिस दिन काबिल हो जाओगे,<br>
खुद-ब-खुद लोगों को,<br>
परफेक्ट नजर आओगे..!!

## अर्थसार

संसेक्स:<br>
70,370.55<br>
-1,053.10 (1.47%)<br>
निफ्टी:<br>
21,238.80<br>
-333.00



## मौसम



अधिकतम : 16 डिग्री से0<br>
न्यूनतम : 08 डिग्री से0<br>
सूर्योदय गुरुवार : 7 : 12<br>
सूर्यास्त बुधवार : 5 : 55

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा : असम में बवाल, राहुल गांधी पर केस

## न्याय यात्रा को गुवाहाटी शहर में जाने से रोका जा रहा था



डिसपुर। राहुल गांधी की न्याय यात्रा मंगलवार को गुवाहाटी पहुंची, जिसे असम पुलिस ने रोक दिया। राहुल अपने काफिले के साथ गुवाहाटी शहर के बीच से गुजरना चाहते थे, लेकिन प्रशासन ने इसकी इजाजत नहीं दी। पुलिस ने गुवाहाटी सिटी जाने वाली सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी। इसके बाद कांग्रेस समर्थक पुलिस से भिड़ गए। उन्होंने बैरिकेडिंग तोड़ दी। घटना को लेकर राहुल ने कहा कि जिस रास्ते पर हमारी यात्रा को रोका गया है, उसी रास्ते से बजरंग दल और जेपी नड्डा की रैली निकली थी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रास्ते पर लगे बैरिकेड हटा दिए हैं, लेकिन हमने कानून नहीं तोड़ा है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने कहा, ऐसा बर्ताव असमिया कल्चर का हिस्सा नहीं है। ये नक्सली गतिविधियां हमारी संस्कृति से अलग हैं। मैंने असम पुलिस के डीजीपी को निर्देश दिया है कि वे राहुल गांधी के खिलाफ भीड़ को उकसाने के लिए एफआईआर दर्ज करें और कांग्रेस ने जो वीडियो पोस्ट किए हैं, उन्हें सबूत के तौर पर इस्तेमाल करें।

### गुलाम बनाने की कोशिश की जा रही



10वें दिन की यात्रा की शुरुआत राहुल गांधी ने असम-मेघालय सीमा पर युवाओं से बातचीत करके की। उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा कि मैं आपकी यूनिवर्सिटी आकर आपसे बात करना चाहता था और ये समझना चाहता था कि आप किन मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। लेकिन, देश के गृह मंत्री ने असम के मुख्यमंत्री को फोन किया और फिर असम के मुख्यमंत्री ने आपकी यूनिवर्सिटी के लीडर्स को फोन करके कहा कि राहुल गांधी को स्टूडेंट्स से बात न करने दी जाए।

# बजट सत्र : संसद भवन की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ के140 कर्मियों की टुकड़ी तैनात



नई दिल्ली। 31 जनवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र के दौरान आगंतुकों और उनके सामान की जांच के लिए नई व्यवस्था के तहत संसद परिसर में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 140 कर्मियों की टुकड़ी तैनात की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले महीने संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की थी और उसके बाद सीआईएसएफ कर्मियों की तैनाती को मंजूरी दी गई थी।

13 दिसंबर को संसद में कुछ लोगों ने घुसकर वहां कलर स्मोक छोड़ दिया था। सूत्रों ने बताया कि सीआईएसएफ के 140 कर्मियों ने सोमवार को संसद भवन परिसर की सुरक्षा का जिम्मा संभाल लिया। वे आगंतुकों और उनके सामान की तलाशी लेंगे तथा भवन की सुरक्षा का जिम्मा भी संभालेंगे।

उन्होंने बताया कि यह दल वहां पहले से मौजूद अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ संसद परिसर का जायजा ले रहा है ताकि 31 जनवरी से अपनी जिम्मेदारी पूरी करने के लिए तैयार हो सके। सीआईएसएफ को नए और पुराने संसद भवन परिसर की सुरक्षा का जिम्मा दिया जाएगा।

वहां हवाई अड्डे जैसी सुरक्षा व्यवस्था होगी। व्यक्ति और सामान की जांच एक्स-रे मशीन व मेटल डिटेक्टर से होगी।

जूतों, भारी जैकेट और बेल्ट को एक ट्रे में रखकर उनकी एक्स-रे मशीने से जांच करने का भी प्रविधान है।

### सहायक कमांडेंट सीआईएसएफ टुकड़ी का प्रमुख होगा

सूत्रों ने बताया कि बल का एक सहायक कमांडेंट (एसी) रैंक का अधिकारी इस सीआईएसएफ टुकड़ी का प्रमुख होगा। इसमें अग्निशमन विंग के 36 कर्मी भी होंगे। सीआईएसएफ में करीब 1.70 लाख कर्मी हैं और यह केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है। इसके पास देश के 68 नागरिक हवाई अड्डों के अलावा एयरोस्पेस और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े अहम प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का भी जिम्मा है।

### एक्सप्रेसवे जाम



गुरुग्राम में गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल के दौरान यातायात प्रतिबंधों के बीच दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर भारी जाम देखने को मिला।

# कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान

## वे दो बार बिहार के सीएम और एक बार डिप्टी सीएम रहे



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी नीत केन्द्र सरकार ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए बिहार में अपने समय के दिग्गज नेता रहे और पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत देश का सबसे सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की। राष्ट्रपति भवन ने देर शाम एक वक्तव्य जारी कर कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान देने का ऐलान किया है। ठाकुर को उनकी 100 वीं जयंती से एक दिन पहले यह सम्मान देने की सरकार की घोषणा को लोकसभा चुनाव से पहले केन्द्र सरकार के महत्वपूर्ण तथा दूरगामी कदम के रूप में देखा जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि जनता दूल यू ने श्री ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने की मांग की थी और मोदी सरकार ने इस मांग को पूरा कर बड़ा दाव खेला है।

स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक और जाने माने राजनीतिज्ञ श्री ठाकुर का जन्म 24 जनवरी को समस्तीपुर जिले के पितौंझिया गांव जिसे अब कर्पूरीग्राम कहा जाता है में हुआ था।

उनकी लोकप्रियता के कारण उन्हें जन-नायक भी कहा जाता था।भारत छोड़ो आन्दोलन के समय उन्होंने 26 महीने जेल में बिताए थे।

वह 22 दिसंबर 1970 से 2 जून 1971 तथा 24 जून 1977 से 21 अप्रैल 1979 के दौरान दो बार बिहार के मुख्यमंत्री पद पर रहे।

# देश में नए कोविड लहर के बीच तीन संक्रमितों की मौत

नई दिल्ली। देश में मंगलवार को पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 236 नए मामले दर्ज किए गए हैं। नए मामले सामने आने के बाद देश में सक्रिय संक्रमितों की कुल संख्या 2,031 पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बीते दिन तीन मरीजों की मौत दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि इनमें एक मरीज की मौत कर्नाटक से दर्ज की गई और पश्चिम बंगाल में दो मरीजों की मौत हुई।

बता दें कि पांच दिसंबर, 2023 तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दोहरे अंक में आ गई थी, लेकिन कोविड के नए वेरिएंट जेएन.1 मिलने से इसके मामले में बढ़ोतरी दर्ज की गई। जानकारी के मुताबिक, कोविड संक्रमित मरीजों में करीब 92 प्रतिशत मरीज घर पर रहकर ही ठीक रहे हैं। उन्हें अस्पताल जाने की जरूरत नहीं पड़ रही है।

### अब तक कितने लोग हुए हैं संक्रमित?

भारत में कोविड-19 शुरू होने के बाद से अब तक साढ़े चार करोड़ लोग संक्रमित हो चुके हैं। वहीं, संक्रमण के कारण देश भर में 5.3 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही अब तक 4.4 करोड़ से अधिक कोविड संक्रमित लोग ठीक हुए हैं।

**सर्दी का सितम** — एमपी के 8 शहरों में तापमान 5 के नीचे पहुंचा; 15 राज्यों में कोहरा, कई फ्लाइट्स-ट्रेनें लेट

# राजस्थान समेत चार राज्यों में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी

नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ। उत्तर-पश्चिम से लेकर नॉर्थ ईस्ट तक भारत के राज्यों में कड़ाके की ठंड का असर बरकरार है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में आज शीत लहर का अलर्ट है। इन राज्यों में बीते दो दिनों से तापमान 3-7 के बीच बना हुआ है। मौसम विभाग ने कहा है कि आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी देखने को मिलेगी। इससे उत्तर भारत के राज्यों में ठिठुरन बढ़ेगी।

मध्य भारत के राज्यों में उत्तर भारत से ज्यादा सर्दी देखने को मिल रही है। एमपी के 5 शहरों में तापमान 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। दतिया में सबसे कम 2.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, राजस्थान के फतेहपुर में तापमान 1.6 डिग्री पहुंच गया है।

उधर, देश के 15 राज्यों की दिन की शुरुआत सुबह घने कोहरे के साथ हुई। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और नॉर्थ के 4 राज्यों में कोहरे के कारण विजिबिलिटी प्रभावित हुई। क्क के आगरा में आज सुबह विजिबिलिटी जीरो थी। वहीं, वाराणसी-प्रयागराज में 25 मीटर और राजधानी दिल्ली में 50 मीटर से दूर देखना मुश्किल हो रहा था।



घने कोहरे के कारण दिल्ली में कई फ्लाइट्स समय पर उड़ान नहीं भर सकीं। वहीं, देश के अलग-अलग हिस्सों से आ रही 28 ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय पर दिल्ली नहीं पहुंच सकीं। इससे यात्रियों को घंटों एयरपोर्ट और स्टेशन पर इंतजार करना पड़ा।

दक्षिण भारत के राज्यों में उत्तर भारत की तुलना में ठंड कम देखने को नहीं मिल रही है। लेकिन यहां बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग ने तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा महाराष्ट्र के विदर्भ, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भी आज हल्की बरसात हो सकती है।

### आगे कैसा रहेगा मौसम

**सर्दी:** भारतीय मौसम विभाग और प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, अगले 24 घंटे के दौरान उत्तर भारत और मध्य भारत के राज्यों में ठंड का असर बरकरार रहेगा। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरी राजस्थान, उत्तरी मध्य प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में कोल्ड वेव चलेगी। इन राज्यों में कल कोल्ड डे की स्थिति भी बन सकती है।

**कोहरा:** स्काईमेट के मुताबिक, कोहरे की स्थिति उत्तर भारत के राज्यों में बरकरार रहेगी। इससे विजिबिलिटी पर फर्क पड़ेगा। फ्लाइट्स और ट्रेनें कल भी प्रभावित हो सकती हैं।

**बारिश:** अगले 24 घंटे में आंध्र प्रदेश, केरल, लक्षद्वीप, सिक्किम , छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र के विदर्भ में बरसात की संभावना है।

# 'निर्वाचन तंत्र को 16 अप्रैल के आसपास लोकसभा चुनाव तैयार रहने का परामर्श'

नयी दिल्ली। राज्यों में जिला स्तरीय चुनाव मशीनरी को आम चुनाव कराने को तैयार रहने के लिये कह दिया गया है और संबंधित अधिकारियों को यह मानकर तैयारी करने को कहा गया है कि लोकसभा चुनाव 16 अप्रैल के आसपास कराये जा सकते हैं।

यह बात दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी की ओर से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के अंतर्गत आने वाले जिला निर्वाचन अधिकारियों को 19 जनवरी को भेजे गये एक परिपत्र से सामने आयी है। परिपत्र में अधिकारियों को 16 अप्रैल को चुनाव की तिथि मानकर तैयार रहने को कहा गया है।





इस परिपत्र के जारी होने के बाद चुनाव की तिथियों को लेकर अटकलें लगने लगीं थी। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने इस संबंध में मंगलवार को जारी स्पष्टीकरण में कहा है कि इस वर्ष होने जा रहे लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव मशीनरी को तमाम कार्यों की योजना बनानी है और उसे समय रहते पूरा करना है। स्पष्टीकरण में कहा गया है कि भारत के चुनाव आयोग की मतदान योजना में इन तैयारियों की बाकायदा सूची होती है और इन्हें पूरा करने के लिये इस सूची में तैयारी शुरू करने और तैयारी खत्म करने का समय दिया गया होता है और इसके लिये एक 'काल्पनिक निर्वाचन तिथि' सुझायी जाती है। चुनाव मशीनरी को उस तिथि को ध्यान में रखते हुये उसे चुनाव तैयारियों की योजना बनाना और उसे समय से पूरा करना होता है।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की विज्ञप्ति में कहा गया है कि चूंकि चुनाव की सारी तैयारियां जिला निर्वाचन/ जिला मतदान अधिकारियों को करना होता है, इसलिये उन्हें चुनाव की तैयारियों के लिये 19 जनवरी के परिपत्र में निर्वाचन की तिथि 16 अप्रैल सुझायी गयी है।

# एफटीआईआई में हिंदूवादी संगठन ने छात्रों को पीटा


पुणे/ दिल्ली। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दिल्ली और पुणे में बाबरी मस्जिद के समर्थन में पोस्टर और बैनर लगाने का मामला सामने आया है। पुणे में मामला मारपीट तक पहुंच गया।

पुणे के फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया कैंपस के अंदर घुसकर हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने छात्रों के साथ मारपीट की। इसमें 4 छात्र घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल कैंपस के गेट पर पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दरअसल, एफटीआईआइ में छात्र संगठनों ने एक बैनर लहराया, जिसमें लिखा था- रिमेंबर बाबरी, डेथ ऑफ कॉन्स्टिट्यूशन। इसकी जानकारी हिंदुत्ववादी संगठन के कुछ कार्यकर्ताओं को हुई और उन्होंने कैंपस में घुसकर बोर्ड लगाने वाले छात्रों की पिटाई कर दी। फिलहाल परिसर से बाबरी मस्जिद का जिक्र करने वाला बैनर हटा दिया गया है।







propre
Luxury Real Estate

INVESTMENT OPPORTUNITIES

Near jewar Airport

More Information

+91 9871577057

www.propreluxuryrealestate.com

# बर्बरता का शिकार बन रहे बेकसूर

संयुक्त राष्ट्र की महिलाओं के लिए काम करने वाली एजंसी की एक रपट के मुताबिक इजराइल और गाजा के बीच जारी युद्ध में अब तक लगभग सोलह हजार महिलाओं और बच्चों को मार डाला गया है। इसके अलावा, इस जंग में कम से कम तीन हजार महिलाओं ने अपने पति को खो दिया और दस हजार से अधिक बच्चों के सिर से उनके पिता का साया उठ गया है।

इजराइल और हमास के बीच शुरू हुए युद्ध को अब तीन महीने से ज्यादा वक्त हो चुका है। शुरुआती दौर में इस बात पर गौर किया जा सकता था कि हमास ने अपने हमले में जैसी बर्बरता का प्रदर्शन किया, इजराइल के सामने अपने बचाव में उसका जवाब देने का विकल्प नहीं था। मगर उसके बाद हमलों का सिलसिला अब तक जारी है और उसमें मारे जाने वाले आमतौर पर गाजा के वे साधारण लोग हैं, जिनका युद्ध के किसी भी पक्ष से कोई वास्ता नहीं रहा और वे दोतरफा जिद और बर्बरता के शिकार हुए।

रविवार को गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक इस युद्ध में अब तक पच्चीस हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और करीब साढ़े बासठ हजार लोग घायल हुए हैं। इतनी बड़ी जनहानि के बावजूद इस युद्ध के खत्म होने या रुकने का कोई संकेत फिलहाल नहीं दिख रहा है। सवाल है कि हमास के खात्मे के घोषित मकसद के पर्दे में अगर इजराइल निर्दोष लोगों को निशाना बना रहा है, तो उसके हमले को स्वाभाविक प्रतिक्रिया कब तक माना जा सकेगा।

कोई जंग किसी मामूली कारण से भी शुरू हो सकती है और उसमें दोनों पक्षों में धीरज और दूरदर्शिता की कमी एक बड़ा कारण हो सकता है। मगर युद्ध में जितने सैनिक मोर्चे पर मारे जाते हैं, उससे कई गुना ज्यादा आम लोगों को मार डाला जाता है। कोई इसकी जिम्मेदारी नहीं उठाता। हमास ने अचानक इजराइली सीमा में घुसपैठ कर एक हजार से ज्यादा आम लोगों को मार डाला, तब उसकी बर्बरता को लेकर दुनिया भर में क्षोभ और आक्रोश पैदा हुआ और तब इजराइल के जवाब को सही ठहराने का एक कारण था। मगर उसके बाद इजराइली हमले में जितनी तादाद में आम लोगों की जान जा चुकी है, उसे कैसे देखा जाएगा?

गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र की महिलाओं के लिए काम करने वाली एजंसी की एक रपट के मुताबिक इजराइल और गाजा के बीच जारी युद्ध में अब तक लगभग सोलह हजार महिलाओं और बच्चों को मार डाला गया है। इसके अलावा, इस जंग में कम से कम तीन हजार महिलाओं ने अपने पति को खो दिया और दस हजार से अधिक बच्चों के सिर से उनके पिता का साया उठ गया है। इतने बड़े पैमाने पर मासूम लोगों के मारे जाने के बावजूद इजराइल की ओर से युद्ध को खत्म करने की तो दूर, युद्ध विराम तक को लेकर कोई संकेत नहीं दिख रहा।

कुछ समय पहले एक दूसरे के अगवा किए नागरिकों और बंदी सैनिकों को छोड़े जाने के लिए तात्कालिक रूप से युद्ध को एक ठहराव दिया गया था, मगर उसके बाद फिर गोलाबारी और बेकसूर लोगों के मारे जाने का सिलसिला जारी है। हालांकि इस बीच दुनिया भर में इस युद्ध को खत्म करने के लिए आवाजें उठी हैं। बीते शनिवार को गुटनिरपेक्ष आंदोलन के शिखर सम्मेलन में गाजा पट्टी में इजराइल के सैन्य अभियान को गैरकानूनी भी करार दिया गया और फिलीस्तीन के लोगों और बुनियादी ढांचों पर व्यापक हमलों की कड़ी निंदा की गई। मगर ऐसा लगता है कि क्रिया-प्रतिक्रिया के चरण से आगे बढ़ते हुए यह युद्ध अब जिद और अहं की शक्ल अख्तियार कर चुका है। जरूरत इस बात की है कि संयुक्त राष्ट्र और विश्व के शक्तिशाली देश इस युद्ध को खत्म करने को लेकर कोई ठोस पहल करें, ताकि नाहक निर्दोषों के मारे जाने का सिलसिला रुके।

24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष

# बालिकाओं की सुरक्षा के हो गम्भीर प्रयास



रमेश सर्राफ धमोरा



लड़कियों को सशक्त बनाने और समाज में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के महत्व को उजागर करने के लिए भारत में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह लड़कियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देते हुए उनकी ताकत और क्षमता का जश्न मनाने का दिन है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना शुरू किया गया था। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना इसको मनाने का मुख्य उदेश्य है। 24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था।

उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 का विषय है आइए हम अपनी लड़कियों को मजबूत, स्वतंत्र और निडर बनाएं।

भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उसके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है।

समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है।

हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।

पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है।

यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया।

देखा जाय तो अगर समाज में बेटियों को भी उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो कभी भी बेटिया किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रहेगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है। तो इसमें कोई गलत नही है।

यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है।

भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषो की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा।

आज लड़किया लड़को से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। दुश्कर से दुश्कर कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनोने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा।

एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर जिले का पूरे देश में मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर राष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन हमें लडका-लडकी में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए।

बालिकाओं का कोख में तो कत्ल कर उन्हे धरती पर आने से पहले ही मारा जा रहा है। उससे भी घिनोना काम जिन्दा बालिकाओं के साथ किया जा रहा है।

देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताडना की घटनायें अखबारो की सुर्खिया बनती हैं। बालिकायें कही भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर जगह वहशी भेडिये उन पर नजरे गड़ायें रहते हैं। उन्हे जब भी मौका मिलता है नोंच डालते हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पायेगीं।

हर साल बालिका दिवस मनाने की बजाय सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिये जिसमें बालिकायें खुद को महफूज समझ सकें। जब तक बालिकाओं की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था नहीं हो पायेगी तब तक बालिका दिवस मनाने की कोई सार्थकता नहीं हो पायेगी। बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के मन में भय व्याप्त करने के लिये सरकार को कानून में और अधिक सुधार करना चाहिये।

बालिकाओं को कई प्रकार के भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। एक शिक्षित लड़की ही अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान दे सकती है। कानूनी सुरक्षा बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। जागरूकता कार्यक्रमों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लड़कियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने के लिए भी उतना ही आवश्यक है।

हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना न केवल एक नैतिक दायित्व है बल्कि सामाजिक विकास के लिए एक जरूरी आवश्यकता भी है।

हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को आगे बढ़ने, सीखने के समान अवसर मिले। तभी हम एक संतुलित, न्यायसंगत और समृद्ध समाज बना सकेगें।

# मायावती की मजबूरी

बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) सुप्रीमो मायावती ने हाल ही में आगामी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा की है। वह इसकी वजह बेशक यह बता रही हैं कि चुनाव पूर्व गठबंधन उनकी पार्टी की संभावनाओं को कमजोर करेगा और सहयोगियों को फायदा पहुंचाएगा, लेकिन यह बात गले नहीं उतरती और उनकी मजबूरी को ही दर्शाती है।

दरअसल, कभी बसपा के गढ़ माने जाने वाले उत्तर प्रदेश में न तो सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और न ही विपक्षी दलों का समूह 'इंडिया' गठबंधन अप्रत्याशित व्यवहार करने वाली बहनजी के साथ गठजोड़ करने के लिए तैयार है; जिनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा राज्य में उनकी घटती लोकप्रियता से तालमेल नहीं बैठा पा रही है। कुछ दूसरे राज्यों में भी यही कहानी है, जहां बसपा की मौजूदगी तो है, लेकिन उसका प्रभाव तेजी से क्षीण हो रहा है। फिर भी, संभावित सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे के लिए कड़ी सौदेबाजी जारी है।

भाजपा के नेतृत्व वाले राजग ने, जो इस वक्त लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरी तरह से मजबूत स्थिति में दिख रहा है, बसपा के साथ गठबंधन करने में कोई रुचि नहीं दिखाई है। इसके बजाय, पिछले संसदीय और विधानसभा चुनावों की तरह सत्तारूढ़ दल की रणनीति तो यही है कि ज्यादा से ज्यादा दलित और मुस्लिम वोटों को अपने पक्ष में करने और विपक्ष के एकीकरण की कोशिशों को कमजोर करने में कैसे बसपा का उपयोग किया जाए।


'फूट डालो और राज करो' वाली यह रणनीति हाल के समय में काफी प्रभावी रही है, लेकिन अब दलित व मुस्लिम समुदायों में यह बात तेजी से फैल रही है कि बसपा को वोट देने से अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा को फायदा हो सकता है, और यही वजह है कि अब यह रणनीति अपनी शक्ति खो रही है। दरअसल मायावती के समर्थकों के छिटकने की एक मुख्य वजह यह रही है कि अब उन्हें लगने लगा है कि वह शोषित वर्ग की नेता नहीं, बल्कि स्वेच्छा से या मजबूरी में, उत्तर प्रदेश में भाजपा की वोट मशीन की मददगार बन गई हैं। जहां तक 'इंडिया' गठबंधन का सवाल है, कांग्रेस नेतृत्व शुरू से ही बहन जी को उन सभी पार्टियों के संयुक्त मोर्चे में शामिल करना चाहता था, जो भाजपा के खेमे में नहीं थीं।

हालांकि समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने इसका कड़ा विरोध किया था। उन्होंने दरअसल मायावती को लेकर तब से ही कड़ा रुख अपनाया हुआ है, जब 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के तुरंत बाद मायावती ने सपा के साथ बनाए गए अपने राजनीतिक गठबंधन को एकाएक तोड़ दिया था। मायावती द्वारा उठाया गया यह कदम उन्हें तब और भी व्यथित करता है, जब सपा के साथ उनके गठबंधन की वजह से 2014 की तुलना में 2019 में बसपा की सीटें शून्य से दस पर पहुंच गईं, जबकि सपा की सीटें आधी होकर पांच ही रह गईं।

अगर कांग्रेस ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हाल के विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया होता, तो वह अखिलेश को मनाने की स्थिति में होती कि वह मायावती को गठबंधन में शामिल करने पर पुनर्विचार करें। लेकिन राज्य विधानसभा चुनावों में भाजपा से हार के बाद कांग्रेस की सौदेबाजी की ताकत कम हो गई है। इसके अलावा, मध्य प्रदेश में कांग्रेस द्वारा सपा के साथ गठबंधन करने से इन्कार करने से अखिलेश पहले से ही नाराज थे। ऐसे में, स्वाभाविक ही, उन्होंने बसपा के मामले में भी अपने हाथ खींच लिए। हालांकि बसपा के बड़ी संख्या में मुस्लिम सांसदों का बहन जी पर दबाव था कि वह 'इंडिया' के साथ मिलकर चुनाव लड़ें, लेकिन बहन जी की अपनी मजबूरी थी। पहली नजर में यही लगता है कि विपक्षी गठबंधन में बसपा की अनुपस्थिति उत्तर प्रदेश में उसकी संभावनाओं को क्षीण करेगी। दूसरी तरफ, ज्यादातर मुस्लिम समर्थकों और खुद मायावती की उपजाति जाटव सहित दलितों में उन्हें लेकर जिस तरह मोहभंग की प्रवृत्ति दिख रही है, उससे यही लगता है कि उत्तर प्रदेश में बसपा कोई बड़ी राजनीतिक शक्ति नहीं रह गई है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3074




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



### काकुरो - 3073 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने कहा, 'आज इंसानियत है कहाँ?'

दूसरा व्यक्ति झट से बोला, 'क्यों आपके घर में 'शब्दकोश' नहीं हैं.

□ □ □

आप चार बार तलाक देने के बाद पाँचवीं बार विवाह करने क्यों जा रहे हैं? पहले व्यक्ति ने पूछा.

'क्यों, क्या पाँचों अंगुलियाँ बराबर होती हैं?' दूसरे व्यक्ति ने कहा.

□ □ □

पत्नी-'आप नींद में बहुत बोलते हैं.'

पति-'तो क्या तुम चाहती हो कि मैं नींद में भी तुम्हारी ही सुनता रहूँ.'

□ □ □

रमेश बहुत शर्मीला था.

एक दिन पार्टी में उसने अपनी प्रेमिका को फूलों का एक गुलदस्ता भेंट किया. प्रेमिका एकदम से भाव-विभोर होते हुए उससे लिपट गई और उसने उसका चुम्बन ले लिया.

रमेश झेंपकर हॉल से बाहर जाने लगा. इस पर उसकी प्रेमिका ने डरते हुए पूछा-''नाखुश हो गए?''

''नहीं.''

रमेश जल्दी से बोला-''नाखुश होने की कोई बात नहीं है. मैं और फूल लेने जा रहा हूं.''

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3074



### बायें से दायें:-

१. 'ये तारा वो तारा' गीत वाली आशुतोष गोवारीकर की फिल्म-३
३. 'तुम्हें अपना बनाने की' गीत वाली संजयदत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
५. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली जतिन ग्रेवाल, नेहा की फिल्म-३
८. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'रामजी की निरली सवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली ऋषिकपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१०. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'कन्हैया कन्हैया तुझे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली अमिताभ, रवीना, नंदिता की फिल्म-२
१२. अमिताभ, जीनत की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'दिन सारा गुजारा' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'वो शाम कुछ अजीब थी' गीत वाली राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
१९. आमिर, जूही, ममता की 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'रिफ्यूजी' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-३
२४. अक्षयकुमार, करीना की 'दिल ले गया परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'बहारों फूल बरसाओ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२८. किशोरकुमार की 'एक चतुर नार करके सिंगार' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'फिर वही चांद वही गम' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-३
३०. डिनो, बिपाशा की 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली फिल्म-३

### ऊपर से नीचे:-

१. 'कैसे कटे दिन कैसे' गीत वाली राजेश, गोविंदा, जूही की फिल्म-२
२. अमिताभ, जयाप्रदा की 'मंजिलें अपनी जगह हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'तेरे नाम' में नायक कौन था-४,२
४. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
५. काहे कोयल शोर, मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
६. जीतेंद्र, लीना चंदावरकार की 'तूने तूने ओ सनम' गीत वाली फिल्म-४
९. 'है मुबारक आज का' गीत वाली मिथुन चक्रवर्ती, रति की फिल्म-३
११. संजय दत्त, अनिता की 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'हम तुम को निगाहो' गीत वाली सलमान, अरबाज, शिल्पा की फिल्म-२
१६. राजकपूर, वहीदा रहमान की 'सजन रे झूठ मत बोलो' गीत वाली फिल्म-३,३
१८. फिल्म 'मिस ४२०' में नायिका कौन थी-२
२०. सनी देओल, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'तू धरती पे चाहे जहाँ' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-२
२३. अजय देवगन, अमीषा पटेल की 'प्यार तो होता है प्यार' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'मेरे अंगने में तुम्हारा' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
२६. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की 'एक बगिया में रहती है' गीत वाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 3073



## सूडोकु -3074

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3073 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## शब्द पहेली - 3074



### बाएँ से दाएँ

1.छुट्टी,रजा-4
3.वध,आघात-4
5.दशानन-3
7.अनमोल,अनूठा-3
8.अनाथ,बेसहारा-3
10.खजूर-3
11.रहम करना-2,3
14.गहराई नापना-2,3
17.लगातार,सतत-5
20.संतुष्ट होना-2,3
23.बीच में,दौरान-3
24.खुश,आनंदित-3
25.शिक्षा-3
26.शोक-3
27.जांचना,परखना-4
28.धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

### ऊपर से नीचे

2.मयखाना,मधुशाला-5
3.प्रेमकहानी-5
4.चापलूसी-4
6.नटना,वचन तोड़ना-4
7.फिजूल,व्यर्थ-3
9.अव्यवस्थित समूह,भीड़-3
12.गुजर करना-3
13.वेग,गति-3
15.खूबसूरत-3
16.पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17.गुजारिश,मांग-4
18.सुअर-3
19.गुस्सा होना-5
20.ममतापूर्ण-5
22.अयोग्य, असंगत-4

### शब्द पहेली - 3073 का हल



# तालाबंदी के बाद प्राधिकरण की लगाई परिक्रमा

## किसान बोले- जब तक मांग नहीं मानी जाएगी, तब तक धरना जारी रहेगा

नोएडा। भारतीय किसान परिषद के देखरेख में किसानों का धरना आज 43वें दिन भी जारी रहा। सैकड़ों की संख्या में मातृ शक्ति, युवा व बुजुर्गों ने प्राधिकरण के तीनों गेटों को घेर लिया। प्राधिकरण के अंदर किसी को जाने नहीं दिया गया। इस दौरान यहां आने वाले लोगों को वापस बैरंग होकर जाना पड़ा। बता दे 18 जनवरी को किसानों ने मांगों को लेकर प्राधिकरण की तालाबंदी की थी। ये अब तक जारी है। भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर ख़लीफ़ा ने कहा कि जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता प्राधिकरण की तालाबंदी नहीं खुलेगी। कल मटकी फोड़ आंदोलन किया



जाएगा। इससे पहले आज तालाबंदी करते हुए किसानों ने प्राधिकरण के चारो ओर परिक्रमा की। इय दौरान प्राधिकरण विरोधी जमकर नारेबाजी की गई। साथ ही अधिकारियों को याद दिलाया गया कि जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता हम यहां से हटने वाले नहीं है।

### दो बजे फोड़ा जाएगा मटका

सुखबीर ख़लीफ़ा ने बताया कि 24 जनवरी यानी बुधवार को 105 गांवों के किसान स्पाइस मॉल पर एकत्रित होंगे। यहां से पैदल मार्च करेंगे और एनटीपीसी की अंत्येष्टि यात्रा निकालकर दोपहर करीब दो बजे मटकी फोड़ेंगे।

इस दौरान हजारों की संख्या मे किसान मौजूद रहेगा।

### किसानों की इन मांगों पर मिला था आश्वासन

सभी किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूमि का अधिकार प्राधिकरण द्वारा दिया जाए।

किसानों की आबादी का पूर्ण निपटारा कर रेवेन्यू रिकार्ड से प्राधिकरण का नाम हटाकर काश्तकार का नाम चढ़ाया जाए।

आबादी विनियमावली 2011 के अनुसार 450 वर्गमीटर की सीमा को 1000 वर्गमीटर किया जाए।

ग्राम में पेरीफेरी के अंदर अधिग्रहीत आबादी में रहने वाली पुश्तैनी किसानों के विनिमय हेतु कब्जा दस्तावेज के आधार पर किया जाए।

5 प्रतिशत विकसित भूखंड पर पूर्व में संचालित कॉमर्शियल गतिविधि करने की नीतिगत अनुमति दी जाए।

नोएडा प्राधिकरण के 81 गांव में विकास भूलेख विभाग में न रोककर सुचारु रूप से कार्यपाली किया जाए।

गांव में निर्माणाधीन मकानों पर भवन नियमावली लागू नहीं की जाए।

# दुजाना गैंग के बदमाश की संपत्ति कुर्क

ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्धनगर पुलिस आयुक्त न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने गैंगस्टर ऐक्ट में दुजाना गैंग के बदमाश राजू पंडित की संपत्ति कुर्क की। पुलिस द्वारा पूर्व में भी गैंगस्टर की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है ।पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह द्वारा अपराधियों के विरुद्ध लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गैंगस्टर ऐक्ट के तहत दुजाना गैंग के सदस्य राजू पंडित उर्फ राजेंद्र निवासी धूममानिकपुर थाना बादलपुर की संपत्ति जब्त करने के आदेश दिए थे। पुलिस आयुक्त न्यायालय गौतमबुद्ध नगर द्वारा 14(1) गैंगस्टर ऐक्ट की तहत आरोपी की संपत्ति जब्त के आदेश दिए थे। पुलिस ने आरोपी के फ्लैट नं-359, महरौली जिला गाजियाबाद को कुर्क किया।

# सीईओ के सवालों का जवाब नहीं दे पाए अधिकारी

## सर्किल-3 के वरिष्ठ प्रबंधक को चेतावनी, दो अन्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने वर्क सर्किल-2,3,4 और 8 का निरीक्षण किया। इस दौरान काफी अव्यवस्था मिलने पर वर्क सर्किल-4 और 8 के वरिष्ठ प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस और वर्क सर्किल-3 के वरिष्ठ प्रबंधक को चेतावनी दी गई।

दरअसल , सीईओ जब सर्किल-3 का निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां सहायक प्रबंधक व प्रबंधक ऑफिस में नहीं थे। वरिष्ठ प्रबंधक ने बताया कि दोनों ही अधिकारी साइट का निरीक्षण करने गए है। लेकिन कौन सी ये नहीं बता सके।

सीईओ ने वरिष्ठ प्रबंधक से पूछा कि जनवरी महीने में सहायक प्रबंधक और प्रबंधक ने किस साइट का निरीक्षण किया और कब किया इसका कोई रिकार्ड दिखाए। इस संबंध में भी कोई जानकारी या दस्तावेज वरिष्ठ प्रबंधक की ओर से नहीं दिखाया जा सका। गार्ड फाइल मांगी गई वह भी नहीं मिली।

आलम ये था कि यहां गार्ड रजिस्टर या कर्मियों के क्षेत्र में दौरा का कोई मूवमेंट रजिस्टर नहीं बनाया गया था। इसके बाद सीईओ ने सर्किल-4 और 8 निरीक्षण किया। यहां परियोजनाओं से सूचनाओं से संबंधित कोई बोर्ड नहीं मिला। यहां दोनों ही सर्किल के वरिष्ठ प्रबंधक नदारद मिले। दोनों को ही कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

### अधिकारियों के बनेगा मूवमेंट रजिस्टर

नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक , प्रबंधक और सहायक प्रबंधक साइट पर कितने बजे गए कितने आए इसका एक मूवमेंट रजिस्टर बनेगा। जिसमें पूरा विवरण प्रतिदिन लिखा जाएगा। इसकी एंट्री जाते और आते दोनों समय होगी। यही नहीं इस रजिस्टर में अधिकारी को लिखना होगा कि उनके द्वारा किस क्षेत्र , परियोजना और किस कार्य स्थल का निरीक्षण किया गया।

# किसान की हत्या में शामिल एक और आरोपी गिरफ्तार

गौतमबुद्धनगर। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के कोंडली गांव में किसान विक्रम सिंह चौहान की हत्या में शामिल एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस मामले में मुख्य आरोपी समेत चार आरोपियों की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक कोंडली गांव में पांच जनवरी की देर शाम किसान विक्रम सिंह चौहान की खेत पर ले जाकर हत्या कर दी गई थी। हमलावरों ने अवैध संबंध के चलते किसान पर चाकू से 16 वार कर मौत के घाट उतारा था। इस मामले में मृतक के भाई ने गांव के 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना के दूसरे दिन हत्याकांड का खुलासा किया था। अब इस मामले में पुलिस ने घटना में शामिल आरोपी बिजेंद्र निवासी कोंडली को गिरफ्तार किया है। पुलिस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

## तीनों विधान सभा में कुल 18,30,966 मतदाता, 18 से 19 आयु के 17310 नए मतदाता शामिल

नोएडा। आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के निर्वाचन को लेकर मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का विशेष अभियान 27 अक्टूबर 2023 से शुरू होकर 23 जनवरी 2024 को समाप्त हुआ है।

जिलाधिकारी ने प्रेस चर्चा में बताया कि जिले की तीनों विधानसभा 61-नोएडा, 62-दादरी एवं 63- जेवर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में वर्तमान पुनरीक्षण में फॉर्म-6 से कुल 15,1071 आवेदनों को जोड़ा गया। मतदाता सूची में से फॉर्म-7 के माध्यम से कुल 74100 आवेदनों में से हटाया गया। इस दौरान कुल 53,441 आवेदनों में से नाम का संशोधन किया गया।

मतदाता सूची के प्रकाशन के समय 18-19 आयु वर्ग के मतदाता की संख्या 6913 थी, जो बढ़कर 24223 हो गयी है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में 17310, 18-19 आयु वर्ग के मतदाता का पंजीकरण हुआ है जो लगभग 4



गुना है। जनपद में जेंडर रेश्यो 804 था जो वर्तमान में 816 हो गया है। वर्तमान में तीनों विधान सभा में कुल 18,30,966 मतदाता हो गये हैं, जिसमें 10,08,345 पुरुष और 8,22,519 महिला और 102 उभयलिंगी शामिल हुए हैं।

पिछले लोक सभा चुनाव के दौरान कुल 15 लाख 37 हजार मतदाता थे। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से पूर्व 49183 तथा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में 27635 कुल 76818 मतदाता पहचान पत्र मुद्रित होकर प्राप्त हुए है, जिनके वितरण की कार्यवाही डाक विभाग के माध्यम से की जा रही। मतदाता की सुविधा हेतु 61-नोएडा विधान सभा में 17 तथा बहुमंजिला भवनों में 18 कुल 35 तथा 62-दादरी विधान सभा में सामान्य क्षेत्र में 49 तथा बहुमंजिलीय भवनों में 20 कुल 69 मत देय स्थल बनाये गये है। इस प्रकार संभाजन के दौरान 61 नोएडा में 39 मतदान केन्द्र तथा 35 मत देय स्थल 62-दादरी में 37 मतदान केन्द्र तथा 69 मत देय स्थल एवं 63- जेवर में 1 मतदान केन्द्र तथा 3 मत देय स्थल बढ़ाये गये हैं।

# 1048 बायर्स की रजिस्ट्री का रास्ता साफ

## कुल बकाया का 25 प्रतिशत करेंगे जमा, बाकी बिल्डरों की सहमति का इंतजार



**नोएडा।** अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद मंगलवार को 7 बिल्डर बकाया का 25 प्रतिशत धनराशि 60 दिन के अंदर और शेष 75 प्रतिशत धनराशि साधारण ब्याज के साथ किस्तों में जमा करने को तैयार हो गया है। इससे करीब 1048 बायर्स को उनको मालिकाना हक मिलेगा। ये वो बायर्स से जिनको फ्लैट पर पजेशन मिल चुका है लेकिन रजिस्ट्री नहीं हुई है। इससे करीब 35 करोड़ रुपए वापस आएंगे। दरअसल, अमिताभ कांत समिति की रिपोर्ट में कुछ संशोधन कर पिछले महीने यूपी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी थी। इसके शासनादेश के तहत बिल्डरों को 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक जीरो पीरियड का लाभ दिया जाएगा। इससे उनका 20 से 24 प्रतिशत तक बकाया कम हो गया। जीरो पीरियड का फायदा लेने के लिए बिल्डरों को कुल बकाए में से 25 प्रतिशत राशि 60 दिन के अंदर और बाकी राशि अधिकतम तीन साल के अंदर देनी होगी। जमा पैसों के अनुपात में नोएडा प्राधिकरण संबंधित बिल्डर की परियोजना में फ्लैट की रजिस्ट्री अनुमति देगा। सरकार के इस निर्णय का फायदा बताने के लिए औद्योगिक विकास आयुक्त एवं नोएडा-ग्रेनो प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने 6 व 7 जनवरी को बिल्डरों के साथ बैठक की थी। चेयरमैन ने निर्देश दिए थे 8 व 9 जनवरी को प्राधिकरण के सीईओ के समक्ष इस पैकेज का लाभ उठाने के लिए सहमति पत्र दे दें। इसके बाद हाल ही में फिर बिल्डरों को प्राधिकरण में बुलाया और बकाया की जानकारी दी।

### इन बिल्डरों ने दी सहमति

सेक्टर-78 ग्रुप हाउसिंग प्लाट नंबर 03 आईआईटीएल निबंस प्राइवेट लिमिटेड
सेक्टर-168 ई ग्रुप हाउसिंग 01 कैपिटल इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड
सेक्टर-108 ग्रुप हाउसिंग 04 डिवाइन इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
सेक्टर-78 ग्रुप हाउसिंग 02 एचआर ओरेकल डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
सेक्टर-75 ग्रुप हाउसिंग 03 एम्स आरजी एंगल प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
सेक्टर-78 बी ग्रुप हाउसिंग 5 शनसाइन इंफ्रा वेल प्राइवेट लिमिटेड
सेक्टर-143 ग्रुप हाउसिंग 3ए गुलशन होम्स इन्फ्रास्ट्रक्चर

# नोएडा में थाना प्रभारी सहित 5 पुलिस कर्मी सस्पेंड

## मेंहदी हसन हत्याकांड में पुलिस कमिश्नर ने की कार्रवाई

**नोएडा।** बरौला में मेहंदी हसन हत्या के मामले में पुलिस कमिश्नार ने पांच पुलिस कर्मियों को सस्पेंड किया है। इसमें बरौला थाना प्रभारी राम प्रकाश गौतम समेत चौकी इंचार्ज नितिन जावला समेत पांच पुलिस कर्मी है। दरअसल,19 जनवरी 2023 की रात दो युवकों ने बरौला में एक व्यक्ति को बेरहमी से पीटा। फिर चाकू से ताबड़तोड़ वॉर किए। इसके बाद उसके एक पैर को रस्सी से बांधकर बाइक से गांव में एक किलोमीटर तक घसीटा। इसके बाद उसे चौकी ले गए। वहां दोनों आरोपियों ने सरेंडर कर दिया। वहीं अनुज सैनी को थाना प्रभारी बनाया गया है।

घायल व्यक्ति को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। वहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को जब पुलिस घटनास्थल पर ले जा रही थी, तो दोनों ने पुलिस टीम पर हमला करके भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने दोनों के पैर में गोली मारी। बाइक से बांधकर युवक को घसीटने का वीडियो भी सामने आया था। इसके बाद से ही आशंका थी कि पुलिस कमिश्नर बड़ा एक्शन ले सकती है।

वारदात नोएडा थाना-49 के बरौला गांव की है। मृतक व्यक्ति का नाम मेंहदी हसन (35) है, जबकि आरोपियों की पहचान अनुज और उसके चचेरे भाई नितिन के रूप में हुई थी। शनिवार रात करीब 9.55 बजे अनुज और नितिन बाइक से कहीं जा रहे थे।

# 8.07 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल

## 1 फरवरी से अभियान, पांच फरवरी को मॉप अप राउंड

**नोएडा।** जनपद में कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत एक फरवरी को एक से 19 साल तक बच्चों और किशोर-किशोरियों को पेट के कीड़े निकालने की दवा (एल्बेंडाजोल) खिलाई जाएगी।

जनपद में स्कूलों व आंगनवाड़ी केन्द्रों पर करीब 8.07 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलायी जाएगी। बच्चों को दवा कैसे और कितनी दी जाएगी इसके लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर स्कूली शिक्षक-शिक्षिका आशा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और एनएम को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि एक फरवरी को एक से 19 साल तक के बच्चों व किशोर को पेट के कीड़े निकालने की गोली खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि एक फरवरी को जो बच्चे दवा खाने से छूट जाएंगे, उन्हें मॉप अप राउंड में पांच फरवरी को गोली खिलाई जाएगी।

जनपद में 8.07 लाख बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। आंगनवाड़ी और स्कूलों में बच्चों एल्बेंडाजोल दी जाएगी।

### ऐसे दी जाएगी गोली इसका रखा जाएगा ध्यान

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की डीईआईसी मैनेजर रचना वर्मा ने बताया कि एक से दो वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली पानी से खिलाई जाती है।

जबकि दो से 19 वर्ष तक के बच्चों को एक गोली खिलाई जाती है। गोली खाली पेट नहीं खानी चाहिए। इसके अलावा यदि कोई बच्चा बीमार है तो उसे भी यह गोली नहीं देनी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम और प्रशिक्षित शिक्षक और आंगनबाड़ी- आशा कार्यकर्ता यह गोली खुद अपने सामने खिलाएंगी, अभियान में स्वास्थ्य विभाग के अलावा शिक्षा विभाग और समेकित बाल विकास विभाग का भी सहयोग लिया जाएगा।

संबंधित विभागों को अभियान शुरू करने से पहले प्रशिक्षण दिया जाएगा। कोई बच्चा यदि सर्दी-खांसी या बुखार से पीड़ित है तो उसे यह गोली नहीं खिलानी है।

# जेपी एसोसिएटस का कार्यालय सील

**नोएडा।** जिला प्रशासन ने रेरा के बकायेदार बिल्डरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। प्रशासन की टीम ने मंगलवार को 47 करोड़ रुपये का बकाया न चुकाने पर जेपी एसोसिएटस के कार्यालय को सील कर दिया। बिल्डर को 24 घंटे बाद दो और कार्यालय सील करने की चेतावनी दी गई है। एसडीएम दादरी आलोक गुप्ता ने बताया कि जेपी एसोसिएटस पर रेरा की आरसी का 47 करोड़ रुपये बकाया हैं, जिसे चुकता करने के लिए अनेक नोटिस जारी किए गए। इसके अलावा मुनादी भी कराई गई, लेकिन बिल्डर ने बकाया अदा नहीं किया। तहसील प्रशासन की टीम ने मंगलवार को सेक्टर-128 स्थित जेपी एसोसिएटस के कार्यालय से सभी कर्मचारियों को बाहर निकालकर कार्यालय पर सील लगा दी। बिल्डर को चेतावनी दी है कि वह 24 घंटे में बकाये का भुगतान करे, अन्यथा बिल्डर ग्रुप के दो और कार्यालयों को भी सील कर दिया जाएगा। एसडीएम दादरी ने बताया कि मंगलवार को ही तहसील प्रशासन की टीम प्रिंस कुमार के नेतृत्व में महागुन बिल्डर के सेक्टर-63 स्थित कार्यालय पर पहुंची।

# घरों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## गौतम बुद्ध नगर में 3 चोर गिरफ्तार, 50 हजार की नकदी और लाखों का सामान बरामद

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की कासना थाना पुलिस ने घरों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से 50 हजार की नकदी और करीब साढ़े 3 लाख रुपए का चोरी का सामान बरामद किया है। दरसअल 25 दिसम्बर को ओमिकरोन सेक्टर में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

इस दौरान चोरों ने कई घरों को अपना निशाना बनाया था और घरों में लगी हुई महंगी टोंटी, शावर चोरी कर लिए थे।

इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और चोरों की तलाश के लिए टीम का गठन किया। लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर इस मामले में सिरसा गोल चक्कर के पास से आई-10 कार सवार तीन चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोरों की निशान देही पर चोरी किया हुआ सामान भी बरामद कर लिया। साथ ही चोरी के समान से बरामद हुई नकदी भी बरामद की गई।

इस दौरान पुलिस ने मोहम्मद आरिफ, धर्मेंद्र और अभिषेक को





गिरफ्तार किया। यह लोग बड़े ही शातिर किस्म के चोर हैं, जो सेक्टर और सोसाइटी में रेकी किया करते थे। रेकी करने के बाद बंद पड़े मकान को अपना निशाना बनाते थे और उसके बाद उसमें लगे हुए कीमती सामान को चोरी कर लिया करते थे।

इस दौरान उनके द्वारा कई घरों से महंगी महंगी पानी की टोंटी और शावर चोरी किए गए। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि तीन चोरों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 137 नल टौटी, 4 शावर, 4 वाशविशन टोंटी, 1 बैट्रा, 2 इनवर्टर, 1 ग्लेंडर मशीन, 1 गैस कटर समेत कई कीमती सामान बरामद किया है। आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# शार्ट न्यूज

## रिक्शा चालक की हत्या के आरोपियों पर एनएसए की कार्रवाई को लेकर तैयारी शुरू

नोएडा। बरौला में शनिवार रात चाकू मारकर बाइक से घसीट कर हुई हत्या के दोनों आरोपियों पर एनएसए की कार्रवाई को लेकर पुलिस की तैयारी शुरू हो गई है। पुलिस आरोपियों की चल-अचल संपत्ति का पता लगा रही है। वहीं सोमवार को भी बरौला गांव में पुलिस बल तैनात रहा। उधर बदायूं में मेहंदी हसन का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस की टीम इस घटना के बाद गांव में सतर्कता बरत रही है। शनिवार रात को बरौला गांव में रंजिश में मूल रूप से बुलंदशहर निवासी अनुज और नितिन ने ई-रिक्शा चालक मेहंदी हसन को पहले चाकू मारा था। इसके बाद करीब डेढ़ किमी तक बाइक से घसीटते हुए बरौला पुलिस चौकी तक ले गया था। इस बर्बर वारदात में मेहंदी की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद आरोपी अनुज व नितिन को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया था। अनुज और नितिन बरौला में किराए पर रहते थे। पुलिस की टीम बुलंदशहर में दोनों की संपत्ति के बारे में ब्यौरा जुटा रही है। एनएसए की लिए जांच रिपोर्ट तैयार करने की शुरुआत हो चुकी है। इसमें घटनास्थल से लेकर पुलिस चौकी तक के साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट अधिकारियों की निगरानी में तैयार होगी।

## खाली प्लाट में बने कबाड़ के गोदाम में लगी आग

नोएडा। नोएडा के सलारपुर सेक्टर-101 में मेट्रो पिलर के पास से बने कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। आग पटाखा और चिंगारी से लगी। मिनटों में ही आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना सोमवार रात की है। मौके पर मौजूद लोगों ने अग्निशमन विभाग को इसकी जानकारी दी। एक-एक करके छह दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। अग्निशमन कर्मियों ने कबाड़ से पहले प्लास्टिक को अलग किया इसके बाद आग को बुझाना शुरू किया। वो इसलिए क्योंकि आग तेजी से न फैले। करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि आग सलारपुर सेक्टर 101 मेट्रो पिलर नंबर 77 के पास खाली प्लाट में कबाड़ में लगी थी। किसी ने अवैध रूप से यहां कबाड़ डाला था। जिसमें पटाखा या अन्य चीज से आग लगी। आग पर काबू कर लिया गया है। किसी प्रकार की कोई जन हानि नहीं हुई है। सीएफओ ने अपील की खाली पड़े प्लाट या अन्य स्थानों पर खुले में कबाड़ न डाला जाए। इससे आग लगने की संभावना कही ज्यादा होती है। बता दे जिस खाली प्लाट पर आग लगी। उसके आसपास काफी रिहाइशी इमारत और मकान है। ऐसे में आग बढ़ती या चिनगारी उठती तो कही और भी आग लग सकती थी।

## भंडारे का हुआ आयोजन

ग्रेटर नोएडा। दादरी रेलवे रोड स्थित सरस्वती अपार्टमेंट प्रताप विहार में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस विशाल भंडारे का आयोजन सरजीत सिंह सभासद व कपिल नागर आदि के नेतृत्व में किया गया। सरजीत सिह सभासद ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस साल भी एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी सम्मानित मित्र गण सगे संबंधी तथा अन्य लोग भंडारे में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। क्योंकि आज 22 जनवरी को जय श्री राम मंदिर का निर्माण हुआ है। आज का दिन बड़ी खुशी का दिन है। प्रसाद ग्रहण करने के दौरान किसान नेता राजकुमार रूपवास, सरजीत सिंह सभासद, दादरी नगर पालिका अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष गीता पंडित, संजीव मुकदम, अरुण कुमार, कृष्ण कुमार, केपी सिंह, मास्टर कुशल पाल, मयंक राणा, डॉ देवेंद्र कुमार, कपिल नागर, आदेश कुमार, रविंद्र राव जी, चंचल भाटी पूर्व सभासद, महेंद्र प्रधान, रीना राघव, एच के,शर्मा, लब्बू शर्मा, ईश्वर सिंह भाटी, जगेश, विकास गोयल, जेपी सिंह, सौरव, सुधीर, सनोज मुकदम, विजय चपराना, लीलू सिंह, अजीत प्रधान, सत्येंद्र एडवोकेट, आदेश भाटी सभासद, आर के चौधरी सभासद, कृष्ण कुमार सभासद, व अन्य सभासद सहित काफी लोग मौजूद थे।

## स्क्रैप माफिया रवि काना का चालक गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। पुलिस ने स्क्रैप माफिया रवि काना के चालक प्रहलाद को गिरफ्तार किया है। गैंगस्टर के मुकदमे में प्रहलाद फरार चल रहा था। पुलिस पूछताछ में प्रहलाद ने माफिया के कई ठिकानों, वाहनों और संपत्ति की जानकारी दी है। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने स्क्रैप माफिया रवि काना और उसके गिरोह के 16 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस इस केस में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि नौ आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हो चुका है। इस केस की जांच अब नॉलेज पार्क थाना पुलिस कर रही है। सेक्टर बीटा दो कोतवाली पुलिस ने रवि काना के चालक प्रहलाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी चालक प्रहलाद वाहनों की देखरेख का काम करता था। वह स्क्रैप से भरे ट्रैकों को टोल पार करवाता था। इसके अलावा भी आरोपी ने रवि काना के कई ठिकानों और संपत्ति के बारे में जानकारी दी है। उधर, पुलिस ने गैंग लीडर रवि काना, तरुण छौंकर, अमन, विशाल, अवध उर्फ बिहारी, महकी नागर, प्रहलाद, रवि काना की सेक्रेटरी काजल झा और पत्नी मधु की तलाश तेज कर दी है। पुलिस आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने और इनाम घोषित करने की तैयारी में जुटी है।

## गाजियाबाद में पैरेंट्स एसोसिएशन की मीटिंग

गाजियाबाद। गाजियाबाद में पैरेंट्स एसोसिएशन ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक दिन अपने शास्त्रीनगर स्थित कार्यलय पर मीटिंग की। जिसमें सभी सदस्यों ने भगवान श्री राम के आचरण का अनुपालन कर शिक्षा व्यवस्था में क्रांतिकारी सुधार करने का संकल्प लिया। इस बैठक के दौरान कई व्यवस्थाओं के सुधार का संकल्प लिया गया। गाजियाबाद पैरेंट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी विवेक त्यागी ने बताया कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार सहित सरकारी स्कूलों की व्यवस्था में सुधार, आरटीई के दाखिले, इस वर्ष बड़े स्तर पर बुक एक्सचेंज मेला लगाने, प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर रोक, नगर निगम के स्कूलों का विकास, जिले में सैनिक स्कूल खुलवाने के लिए प्रयास करने, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं को जागरूक करने एवं संगठन का विस्तार करने जैसे अनेकों मुद्दों पर सभी सदस्यों के बीच विस्तार से एक लंबी और सकारात्मक चर्चा हुई। गाजियाबाद पैरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी और उपाध्यक्ष पवन शर्मा ने बताया कि आज का दिन हम सभी के लिए ऐतिहासिक है। संकल्प लेने के लिए आज के दिन से अच्छा दिन कोई हो ही नहीं सकता। इसलिए गाजियाबाद पैरेंट्स एसोसिएशन की पूरी टीम ने पूरे दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ संकल्प लिया है कि हम सभी शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए अगर प्राणों को न्योछावर करने की जरूरत पड़ी तो पीछे नही हटेंगे।

## गाजियाबाद में दो जगह अग्निकांड

गाजियाबाद। गाजियाबाद में सोमवार रात दो स्थानों पर अग्निकांड हुए। 14वें फ्लोर पर फ्लैट में आग लगने से लाखों रुपए का सामान जल गया। वहीं सॉस से भरे ट्रक में आग लग गई। गनीमत रही कि दोनों स्थानों पर कोई जनहानि नहीं हुई और फायर फाइटर्स ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, पहला हादसा सोमवार रात सवा 11 बजे क्रॉसिंग रिपब्लिक एरिया की कॉसमॉस गोल्डन सोसाइटी में 14वें फ्लोर पर फ्लैट नंबर-1401 में आग लगने की सूचना मिली। तुरंत फायर स्टेशन कोतवाली से अग्निशमन अधिकारी सहित दो फायर टैंकर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए। आग एक बंद फ्लैट में लगी थी। आग की लपटें लगातार नीचे गिर रही थीं। काला धुआं तेजी से निकल रहा था। फायर यूनिट ने शीघ्रता से होज लाइन फैलाकर फायर फाइटिंग करके आग पर काबू पा लिया और आसपास के स्थित घरों को सुरक्षित बचा लिया गया। आग के कारण फ्लैट के एक कमरे में रखा घरेलू सामान जल गया। दूसरा अग्निकांड गाजियाबाद-मेरठ मार्ग पर काइट कॉलेज मुरादनगर के नजदीक हुआ। यहां रात पौने 10 बजे एक ट्रक में आग लगने की सूचना फायर स्टेशन मोदीनगर को लखनऊ कंट्रोल रूम से मिली। इस ट्रक में सॉस (चटनी) के पैकेट भरे हुए थे जो दिल्ली से मेरठ जा रहा था। फायर फाइटर्स ने यहां भी समय रहते आग पर काबू पा लिया और बड़ा नुकसान होने से बचा लिया।

# यूपी में 15.30 करोड़ वोटर्स

## वोटर लिस्ट में 57 लाख 3 हजार 304 नए नाम जुड़े; 15 लाख से अधिक युवा मतदाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में इस बार करीब 26 लाख मतदाताओं बढ़े हैं। कुल वोटर्स की संख्या 15.30 करोड़ हो गई है। इस बार 57 लाख 3 हजार 304 लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। जबकि 31 लाख 19 हजार 121 लोगों के नाम सूची से कटे हैं। 1 जनवरी 2024 तक जोड़े गए युवा मतदाताओं (18 साल की आयु) की संख्या 15 लाख 57 हजार है।

मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। रिणवा ने आगामी चुनाव और मतदाता सूची के बारे में पूरी जानकारी दी।

### सभी राजनीतिक दलों को भेजा गया वोटर लिस्ट का डाटा

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक 1 जनवरी 2024 तक जो भी व्यक्ति 18 साल की आयु पूरी कर चुका है। उसका नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है। इसका डाटा सभी मान्यता प्राप्त



पॉलिटिकल पार्टियों को दे दिया गया है। हमने सभी राजनीतिक दलों से कहा था कि बूथ लेवल के अपने कार्यकर्ताओं को हमारे साथ भेजें। ताकि वोटर लिस्ट में सहयोग लिया जा सके। साथ ही सूचीवार तरीके से डाटा तैयार किया जा सके।

### 18 मंडलायुक्तों को रोल प्रेक्षक बनाया गया

नवदीप रिणवा ने बताया, प्रदेश में कुल 1 लाख 62 हजार 12 मतदेय स्थल हैं। इस बार सभी 18 मंडलायुक्तों को रोल प्रेक्षक बनाया गया है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए 6 अलग-अलग तारीख रखी गई थी। इससे लोगों को जोड़ने के लिए 4, 5, 25,26 नवंबर और 2, 3 दिसंबर तक अभियान चला।

इसके साथ ही युवाओं को जोड़ने के लिए मैं हूं ना कार्यक्रम भी चलाया गया। वहीं जरूरी और एवं छूटे हुए दिव्यांग, बेघर, पी वी टी जी , सेक्स वर्कर्स और महिलाओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाने के लिए भी अभियान चलाया गया।

### महिला और पुरुष का अनुपात सुधरने पर चुनाव आयोग का फोकस

इस बार प्रदेश में महिला, पुरुष मतदाताओं का अनुपात और सुधरने की उम्मीद है। चुनाव आयोग का इस पर खास फोकस रहा है। यूपी में पुरुष वोटरों की बात करें तो 25 लाख 77 हजार 967 और महिला वोटरों की संख्या 31 लाख 24 हजार 901 है। जबकि ट्रांसजेंडर की संख्या 436 है।

## प्रेमी के संग फरार युवती का सुराग नहीं

बरेली। बरेली में 19 साल की युवती का सुराग नहीं लगा। युवती की मां ने पुलिस से गुहार लगाते हुए बेटी की बरामदगी की मांग की है। वहीं युवती और उसके प्रेमी का मोबाइल फोन बंद है। पुलिस प्रेमी युगल की तलाश में दबिश दे रही है। युवती का कहना है कि मेरी बेटी के साथ अनहोनी न हो जाए। बरेली में प्रेमनगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी युवती अपने प्रेमी से बात करती थी। युवती की मां ने पुलिस को बताया कि 19 साल की बेटी प्रेमनगर थाना क्षेत्र में काम करती थी। वहीं पर आरोपी युवक भी काम करता था। युवक उसकी बेटी को अपने साथ बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। युवती की मां का यह भी आरोप है कि उसकी बेटी अपने साथ एक मोबाइल फोन भी ले गई। युवती चोरी छिपे मोबाइल से अपने प्रेमी से बात करती थी। कई बार उससे मना किया, लेकिन वह नहीं मानी। पीड़िता की मां ने पुलिस से बेटी की बरामदगी की मांग की है।

## चित्रकूट में दुकान में लूटपाट करने वाले बदमाश गिरफ्तार

एजेंसी

चित्रकूट। चित्रकूट में विधवा महिला की दुकान में घुसकर लूटपाट करने एवं मारपीट करने के मामले का पुलिस ने अनावरण कर दिया है। पुलिस ने झांसी के रहने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से लूट गया सामान भी बरामद हुआ है।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बीती 17-18 जनवरी की रात मारकुंडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारकुंडी बाजार की निवासी ममता गुप्ता पत्नी स्व रमाकांत गुप्ता के घर में स्थित जनरल स्टोर की दुकान में बदमाशों ने मारपीट करते हुए दुकान का सामान लूट लिया था।

मामले के खुलासे के लिए उन्होंने मारकुंडी थाना प्रभारी व एसओजी प्रभारी को लगाया था। जिसके बाद इन दोनों टीमों ने झांसी जिले के मऊ रानीपुर थाने के नई बस्ती निवासी कल्लू पठान उर्फ छपरी व मनीष मौर्य को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से तमंचा, कारतूस, चाकू लूटे गए 12500 रुपए, सोने चांदी के जेवर और मोबाइल आदि सामान बरामद हुआ है।


### लूटा हुआ सामना लेने आए तो पकड़े गए

बरामद किए गए सामान के बारे में पीड़ित ने बताया है कि ये उसकी दुकान का ही समान है। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने दो अन्य साथियों के साथ बीती 17-18 जनवरी को मारकुंडी बाजार में एक महिला के घर में स्थित दुकान में लूटपाट की थी।

साथ में लूट में मिले माल को अन्य लोगों ने यही छुपा दिया था। जिसे लेने के लिए वह आए थे और पुलिस द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी में मारकुंडी थाना प्रभारी मनीष कुमार, एसओजी प्रभारी एमपी त्रिपाठी, मुख्य मार्च, नितेश समाधिया, सतीश कुमार, शिवलाल, राघवेंद्र सिंह, रोशन सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, रोहित सिंह, आशीष यादव, पवन राजपूत आदि मौजूद रहे।

## शार्ट न्यूज

### डीआईजी ने एक वर्ष से एक ही सर्किल की पीआरवी पर नियुक्त पुलिस बल का सर्किल परिवर्तित करने के दिये निर्देश



ललितपुर। झांसी,डीआईजी झॉसी कलानिधि नैथानी द्वारा रेंज झॉसी के जनपद झॉसी, जालौन एवं ललितपुर में यू0पी0-112 की विभिन्न प्रकार की खबरों तथा सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले प्रकरणों को संज्ञान में लेते हुये यू0पी0-112 में नियुक्त पुलिस बल के कुशल, निष्पक्ष एवं प्रभावी संचालन हेतु जनपद प्रभारियों को पुलिस बल की तैनाती अवधि/नियम से सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। एक वर्ष से एक ही सर्किल की पीआरवी पर नियुक्त पुलिस बल का सर्किल परिवर्तित करने के निर्देश दिये गये है। छः माह से एक ही थाने की पीआरवी पर नियुक्त पुलिस बल का थाना परिवर्तित कर दिया जाये। तीन माह से किसी थाने की एक ही पीआरवी पर नियुक्त पुलिस बल की पीआरवी परिवर्तित कर दिया जाये। रिजर्व में एक ही कर्मी एक सप्ताह से अधिक न रखा जाये तथा रिजर्व से बार-बार एक ही हाई-वे/सर्किल/थाना में न लगाया जाये। किसी भी कर्मी को ऐसे थाने की पीआरवी में नियुक्त न किया जाये जिस थाने में वह यू0पी0-112 की नियुक्ति से पूर्व तैनात रहा हो।

### पीएनबी आरसेटी द्वारा योजना का 06 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



ललितपुर। पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा स्व-रोजगार से जोड़ने हेतु शासन की मंशा के अनुसार राज्य शहरी आजीविका मिशन उ0प्र0 के डे-एनयूएलएम के तहत जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के स्वयं सहायता समूह की 30 महिलाओं को स्व-निधि, स्व-रोजगार कार्यकम के अन्तर्गत 06 दिवसीय सामान्य उद्यमिता विकास कार्यकम (जनरल ई0डी0पी0) प्रशिक्षण कार्यकम का समापन सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब नैशनल बैंक मुख्य शाखा के शाखा प्रबंधक श्री शुषेण कुमार जी रहे उन्होने अपने वक्तव्य में कहा कि कार्यकम का उद्देश्य महिलाओं को स्वयं का रोजगार छोटे स्तर से शुरू करना चाहिए जिससे कि उनको भविष्य में बड़े कार्यों को करने के लिये अनुभव प्राप्त हो सकें। जिला नगरीय विकास अभिकरण द्वारा यह बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया कि छोटे उद्यमों से जोड़कर उनको स्व-रोजगार हेतु छोटी-छोटी वित्तीय मदद प्रदान की गई जिससे वह महिलायें स्वयं की बेरोजगारी को दूर कर सकेगी साथ ही किसी पर उनकी निर्भरता नही रहेगी।

### मुजफ्फरनगर में मुठभेड़, 3 बदमाश गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में थाना शाहपुर पुलिस की पलडी बाईपास पर दो बाइक सवार पांच बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके तीन साथियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश मौके से भाग गया। एसएसपी अभिषेक सिंह ने बताया कि इस गैंग ने कुछ दिन पूर्व भारत फाइनेंस के कर्मचारियों से साढ़े तीन लाख रुपये व अन्य सामान लूटा था। मंगलवार को शाहपुर पुलिस ने पलड़ी बाईपास के पास चेकिंग के दौरान बाइक सवार पांच बदमाशों को रोकने का प्रयास किया। घेराबंदी करने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश प्रवीण उर्फ लड्डू ग्राम रुहासा थाना दौराला जनपद मेरठ घायल हो गया। पुलिस ने उसके साथी सुमित राणा निवासी ग्राम इनायतपुर थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद, रणधावा सिसोदिया ग्राम खटाना थाना जारजा जनपद गौतमबुद्ध नगर, प्रवीण निवासी खोकनी थाना ककरोली को गिरफ्तार कर लिया।

### कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

चंदौली। चंदौली जिला मुख्यालय स्थित पंडित कमलापति पार्क में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। लोगों ने भारत जोड़ों यात्रा के दौरान हमले को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने आरोप लगाया कि असम में केंद्र सरकार की साजिश के तहत राहुल गांधी के काफिले पर हमला किया गया। कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर में शुरू हुई थी। सफलता पूर्वक मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरी है। अब असम में प्रवेश कर गई है। लोगों के दिलों को छूने वाली यह यात्रा हमारे देश में युवाओं, महिलाओं और हाशिये पर रहने वाले लोगों के लिए सफलतापूर्वक न्याय की मांग कर रही है। कहा कि अफसोस की बात यह है कि भाजपा विशेष रूप से असम में सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा शांतिपूर्ण यात्रा को बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं।

### बिजनौर में खेत में मिला गुलदार का शव

बिजनौर। बिजनौर के स्योहारा इलाके में एक गुलदार का शव खेत में पड़ा मिला। गुलदार के शव को देखने के लिए आसपास के लोगों की काफी भीड़ मौके पर जमा होगा। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गुलदार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दरअसल इन दिनों बिजनौर जिले में गुलदार की दस्तक से लोग सहमे हुए हैं। लगातार गुलदार आबादी व जंगल में दिखाई दे रहा है, जिससे किसान खेती करने जाने से भी अब डर रहे हैं। साथ ही गुलदार के हमले से पिछले साल एक दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कई गुलदार पकड़े जा चुके हैं, लेकिन गुलदार का खौफ कम होने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला बिजनौर के स्योहारा इलाके का है, जहां मंगलवार को ग्राम पालनपुर में ग्रामीणों को बलवीर सिंह के खेत में एक गुलदार का शव दिखाई दिया।

## कानपुर देहात में सेना से सेवानिवृत्त हवलदार की मौत

### बेटी ने एक रिश्तेदार पर लगाया हत्या का आरोप

एजेंसी

कानपुर देहात। कानपुर देहात के थाना क्षेत्र में सेना के सेवानिवृत्त हवलदार की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। हवलदार की बेटी ने एक रिश्तेदार पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

कानपुर देहात के ग्राम जिनई निवासी विक्रम सिंह पाल (48) सेना में हवलदार थे।

वह घर में अचेत पड़े मिले। इसी बीच झींझक से घर पहुंची बेटी गोल्डी उन्हें एक रिश्तेदार की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गई। यहां पर डॉक्टर ने विक्रम सिंह मृत घोषित कर दिया।

पिता की मौत की जानकारी बेटी ने पुलिस को दी। बेटी ने एक रिश्तेदार को पिता की मौत का जिम्मेदार ठहराकर हत्या का आरोप लगाया। वहीं कुछ लोगों ने विक्रम के बीमार होने की जानकारी दी। वही पुलिस ने शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना प्रभारी अजय कुमार पाठक ने बताया कि पूर्व हवलदार की अकबरपुर में संदेहजनक अवस्था में मौत होने की सूचना मिली थी। बेटी गोल्डी ने पिता की हत्या का संदेह जताया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पति ने गर्लफ्रेंड के साथ मिलकर पत्नी को मार डाला

### दुपट्टे से गला दबाया; ई-रिक्शे से ले जाकर नाले में फेंक दिया

मेरठ। मेरठ में प्यार में रोड़ा बन रही पत्नी को पति ने मौत के घाट उतार दिया। पति ने 10 साल छोटी प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। दोनों ने मिलकर लाश को नाले में फेंक दिए। 20 दिन तक जब पड़ोसियों को महिला नहीं दिखी, तो उन्होंने महिला के मायके में सूचना दी। मायके वालों ने पुलिस को बताया। पुलिस ने महिला के अचानक गायब होने के बाद पति को पूछताछ के लिए उठाया। सख्ती हुई तो लव मैरिज के लिए पत्नी की हत्या की पूरी कहानी सामने आ गई। मोबाइल लोकेशन और चैट सामने आने के बाद पुलिस ने नाबालिग प्रेमिका को भी हिरासत में लिया है।



शादी, अफेयर और हत्या की इस कहानी की शुरुआत 3 साल पहले होती है। इसका मुख्य किरदार नाजिम मूल रूप से बुलंदशहर लोहरा गांव का रहने वाला है। एक फैक्ट्री में काम करता है। 3 साल पहले उसकी शादी आशमां से होती है। वह उसको लेकर मेरठ आ जाता है। यहां काम करने लगा।

कुछ दिन बाद सोनीपत की फैक्ट्री में काम करने चला गया। सोनीपत में उसका अफेयर बिजनौर की रहने वाली एक लड़की से हो गया। लड़की नाजिम से 10 साल छोटी थी। नाजिम अपनी प्रेमिका को लेकर मेरठ लौट आया। यहां उद्योगपुरम की फैक्ट्री में ई-रिक्शा चलाने लगा। प्रेमिका को भी पत्नी के साथ लिव-इन में एक मकान में रख लिया।

### पत्नी को छोड़कर प्रेमिका संग रहना चाहता था

पड़ोसियों ने बताया कि आए दिन नाजिम, प्रेमिका और पत्नी आशमां के बीच झगड़ा होता था। दोनों मिलकर आशमां को परेशान करते थे। अक्सर घर से लड़ाई-झगड़े की आवाजें आती थीं। आशमां पति की जिंदगी में दूसरी औरत बर्दाश्त नहीं कर पा रही थी। नाजिम अपनी प्रेमिका को छोड़ने को राजी नहीं था। दोनों शादी करना चाहते थे। इसमें पत्नी आशमां रोड़ा बन रही थी।

### पड़ोसियों ने मायके में दी सूचना

20 दिनों से पड़ोसियों ने आशमां को नहीं देखा तो उन्हें शक हुआ। उन्होंने आशमां के घरवालों को बताया कि कुछ गड़बड़ है। पड़ोसियों ने ही आशमां की बहन मुस्कान जो हापुड़ में रहती है उसे बताया कि आशमां दिख नहीं रही।

## प्रेस क्लब ( रजि. ) के विभिन्न पदों के लिए नामाकंन पत्र बिके

ललितपुर। प्रेस क्लब (रजि.) के बहुचर्चित निर्वाचन 2024 को लेकर प्रक्रिया शुरू हो गयी है। बीस जनवरी को जारी किये गये चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को नामाकंन पत्रों की बिक्री की गयी। सौहार्दपूर्ण वातावरण में शुरू की गयी चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने में संरक्षक मण्डल सदस्य/चुनाव अधिकारी पं.सुरेन्द्र नारायण शर्मा, मंजीत सिंह सलूजा, संतोष शर्मा, पवन संज्ञा व अजित जैन भारती और सहायक चुनाव अधिकारी जयेश बादल शामिल रहे। नामाकंन पत्रों की बिक्री को लेकर बताया गया है कि प्रतिष्ठापूर्ण अध्यक्ष



पद के लिए पं.बृजेश तिवारी व पं.राजीव बबेले सप्पू ने अपने-अपने नामाकंन पत्र खरीदे। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवारों में भगवान सिंह, विजय जैन कल्लू, नासिर मीडिया और रमेश रायकवार ने नामाकंन पत्र खरीदे हैं। महामंत्री पद के लिए शुभम पस्तोर, माधव सिंह, सत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया, अंतिम कुमार जैन पारौल व अमित सोनी ने अपने-अपने नामाकंन पत्र खरीदे। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद के लिए अमर प्रताप सिंह पाली, अनूप नांगल, प्रवीण राठौर शिब्बू, निहाल सेन पटना और राहुल साहू खिरिया ने भी नामाकंन पत्र खरीदे। सुपर मार्केट स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में आयोजित चुनाव कार्यक्रम को लेकर चुनाव अधिकारी व सहायक चुनाव अधिकारी ने संयुक्त रूप से बताया कि 24 जनवरी को पत्रकार भवन में सुबह 11 से अपराह्न 3 बजे तक विभिन्न पदों पर नामाकंन पत्र दाखिल किये जा सकेंगे। इसके पश्चात शाम 4 बजे से नामाकंन पत्रों की जांच की जायेगी। 25 जनवरी बुधवार को सुबह 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक नामाकंन पत्र वापिसी व नामाकंन पत्रों का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। यह भी बताया कि आगामी 28 जनवरी को विभिन्न पदों पर मतदान किया जायेगा।

## डीएम-एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

कासगंज। कासगंज के जिला कारागार का आज जिलाधिकारी सुधा वर्मा और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने जेल अधीक्षक के साथ मिलकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने सयुंक्त रूप से जिला कारागार की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जेल में सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए जेल अधीक्षक विजय विक्रम सिंह को निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने जेल अधीक्षक विजय विक्रम सिंह के साथ जेल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं डीएम-एसपी ने निरीक्षण के दौरान संयुक्त रूप से जिला कारागार मे बंदी पाकशाला, अस्पताल वार्ड, क्रीड़ास्थल और बैरिकों का निरीक्षण किया। बैरिकों और अस्पताल वार्ड में साफ-सफाई दुरुस्त करने के जेल अधीक्षक को निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी सुधा वर्मा ने जिला कारागार मे बंदियों के लिए भोजन और साफ-सफाई व्यवस्था पर संतुष्टि जताई। जेल की सभी व्यवस्थाओं को बेहतर रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी सुधा वर्मा ने जेल कारागार के मॉनीटरिंग कक्ष का निरीक्षण करते हुए बंदी महिलाओं और बच्चों का विशेष ध्यान रखने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

## आजमगढ़ में चार आरोपियों को दस वर्ष की सजा

आजमगढ। आजमगढ़ कोर्ट ने गैर ईरादतन हत्या के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने चार आरोपियों को दस दस वर्ष के कठोर कारावास तथा प्रत्येक को 25 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अदालत ने जुर्माने की पूरी राशि मृतक की पत्नी को देने का आदेश दिया है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर नंबर 6 रामानंद ने मंगलवार को सुनाया। अभियोजन कहानी के अनुसार वादिनी कौशल्या पत्नी अर्जुन निषाद ग्राम टीकापुर थाना तहबरपुर की निवासिनी है। वादिनी के पति अर्जुन निषाद 30 मई 2021 की शाम लगभग सात बजे टीकापुर बाजार में दवा लेने गए थे। जब अर्जुन एक दुकान पर अंडा खा रहे तब गांव के ही आकाश यादव पुत्र रामायन यादव,गोविंद उर्फ पुनीत पुत्र राजेंद्र यादव वहां आ गए तथा गाली गुप्ता देते हुए अर्जुन निषाद को लाठी डंडा से मारा पीटा। अर्जुन निषाद ने इसकी सूचना थाने पर दी।

## 75 वे गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने ली बैठक

ललितपुर। प्रभातफेरी, झण्डारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित महान विभूतियों की प्रतिमाओं पर होगा माल्यार्पण स्वास्थ्य शिविर, फल वितरण व असहाय व्यक्तियों को बाटें जायेंगे कम्बल 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने सम्बंधी रुपरेखा निर्धारित करने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलैक्ट्रेट सभागार में सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक




में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शासन के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस का आयोजन पूरी भव्यता के साथ किया जाएगा, आयोजन के अंतर्गत 26 जनवरी को प्रातः प्रभातफेरी का आयोजन, घण्टाघर पर ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, जेल चौराहे पर अम्बेडकर पार्क में डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण, तुवन मंदिर के पास अवन्तीबाई, रानी लक्ष्मीबाई एवं परमानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा, सभी कार्यालयों/शासकीय अर्द्धशासकीय कार्यालयों में (शैक्षिक संस्थाओं को छोड़कर) में झण्डा अभिवादन/राष्ट्रगान एवं तत्पश्चात संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण किया जायेगा।

## पुलिस ने रामविलास हत्याकांड की खुलासा, 4 गिरफ्तार

### मारपीट का बदला लेने के लिए दी थी घटना को अंजाम

गाजीपुर। गाजीपुर में स्वाट, सर्विलांस और पुलिस द्वारा बीते 18 जनवरी को लाठी से पीटकर रामविलास कन्नौजिया की हत्या मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रामविलास की हत्या उस वक्त हुई थी जब वह सब्जी बेचने मंडी जा रहा था।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि बन्तरा पुल हाईवे के पास संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रेवसा हाईवे के पास बीते दिनों रामविलास कन्नौजिया की मारपीट कर हत्या करने वाले आरोपी चीनी मिल मन्दिर के पास एकत्रित है। जिसमें दो मोटर साईकिल से कुल 5 लोग मौजूद है।

इस सूचना पर पुलिस टीम जैसे ही उनके करीब पहुंची कि पांचों व्यक्ति पुलिस वालों को देखकर भागने का प्रयास किये। पुलिस बल द्वारा घेराबंदी कर मौके से 4 लोगों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। जबकि एक व्यक्ति कोहरा व झाड़ियों का फायदा उठाकर भाग गया। गिरफ्तार बदमाशों के पास से एक रक्त रंजित चारपाई की बांस की पाटी, एक बास की लाठी और 2 मोटर साईकिल तथा एक देशी तमंचा बरामद हुआ है।

### बदला लेने के लिए दोस्तों के साथ दिया घटना को अंजाम

पकड़े गये आरोपी सतीश ने पूछताछ में बताया कि छठ त्यौहार के दिन मुझे मेरे गांव के रामविलास कन्नौजिया के दरवाजे पर गांव के पासी बिरादरी के लड़कों द्वारा मारा पीटा गया था। उस समय मौके पर रामविलास कन्नौजिया भी मौजूद था। लेकिन उसने मुझे उन लोगों से नहीं बचाया था, मुझे उस समय ऐसा लगा था कि यह मारपीट की घटना राम विलास कन्नौजिया ने ही करवाया था। तभी से मैं बदला लेने के लिए अपने दोस्तों से वार्ता कर रहा था।




तभी से हम लोग राम विलास को मारने के लिए प्लान बना रहे थे। लेकिन सही समय नहीं मिल पा रहा था। वारदात के एक दिन पूर्व मैं अपने मशीन पर मछली बनाया था।

वहीं पर हम पांचों लोग पूर्व योजना के अनुसार अपने दोस्तों को दावत दिये। वहीं पर खाने पीने के बाद योजना बनाई गयी थी कि प्रातः राम विलास कन्नौजिया सब्जी बेचने के लिए अकेले मोटर साइकिल से नन्दगंज मण्डी जायेगा। उसी समय उसका काम तमाम कर दिया जायेगा।

सभी लोग तैयार हो गये और अगले दिन हमारे दोस्त अखिलेश विश्वकर्मा, दीपक यादव, गोलू यादव उर्फ रमन यादव व भागा हुआ दोस्त जशवन्त उर्फ प्रदुम्न यादव मौजूद रहे। मैं तथा अखिलेश विश्वकर्मा अपने मोटरसाइकिल से तथा गोलू यादव, दीपक यादव तथा यशवन्त उर्फ प्रदुम्न यादव दूसरे मोटर साइकिल से थे। योजना के अनुसार हम सभी लोग रेवसा कट हाइवे के पास रुककर राम विलाश कन्नौजिया के आने का इन्तजार करने लगे।

## बहराइच में होमगार्ड जवान की हादसे में मौत

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के फखरपुर थाने से ड्यूटी कर वापस घर जाते समय बाइक सवार होमगार्ड जवान की रोडवेज बस की चपेट में आने से मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि फखरपुर थाना क्षेत्र के माधवपुर गांव निवासी राम मूरत यादव (50) होमगार्ड के पद पर तैनात थे, उनकी ड्यूटी फखरपुर थाने में थी। सोमवार देर शाम ड्यूटी के बाद वह बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे कि लखनऊ बहराइच मार्ग पर पारले चीनी मिल के पास रोडवेज बस में बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर रुप से घायल जवान को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ट्रामा सेंटर में मंगलवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई।

## दरोगा को बदमाशों ने सीने में गोली मारी

### आर-पार हुई बुलेट...आईसी में भर्ती; चोरी की गाड़ी पकड़ने के लिए 10 किमी पीछा किया

मेरठ। मेरठ में सोमवार देर रात बदमाशों ने चौकी प्रभारी मुनेश सिंह के सीने में गोली मार दी। गोली लगने के बाद वह गिर पड़े। काफी खून बह गया। पुलिसकर्मी आनन-फानन में चौकी प्रभारी को अस्पताल ले गए। फिलहाल, उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। उनका गाजियाबाद के कौशांबी स्थित मैक्स हॉस्पिटल में आईसी में इलाज चल रहा है।

दरोगा के सीने से गोली आर-पार हुई है। मंगलवार को उनका ऑपरेशन किया गया। वारदात उस वक्त हुई, जब दरोगा पुलिस टीम के साथ चोरी की गाड़ी का पीछा कर रहे थे। पुलिस ने बदमाशों को घेरा, तो पहले पुलिस गाड़ी में टक्कर मारी। फिर फायरिंग शुरू कर दी। पूरी वारदात हाईवे चौकी इलाके के डिफेंस कॉलोनी की है।

वैशाली के मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि 49 साल के मुनेश सिंह को छाती के दाहिनी ओर गोली लगी थी। यहां लाने



से पहले उनका मेरठ के एक अस्पताल में इलाज किया गया था। उनकी सर्जरी की गई है। मगर, उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### जिस गाड़ी को बदमाशों ने लूटा उसमें जीपीएस लगा था

वारदात सोमवार रात कंकरखेड़ा क्षेत्र के एसआर मंडप के बाहर की है। यहां बुलंदशहर के खुर्जा निवासी सोनू सैनी दरवाजा लॉक करके कार के अंदर सो रहे थे। रात डेढ़ बजे तीन बदमाश आए। बदमाशों ने कार की विंडो खुलवाई। इसके बाद गन पॉइंट पर कार का दरवाजा खुलवाया। इसके बाद उसकी कार, मोबाइल और नकदी लूट ली। फिर कार लेकर भाग गए। इसके बाद सोनू ने शोर मचाया। शोर सुनकर मंडप स्टाफ के लोग बाहर आए।

उन्होंने हाईवे पुलिस चौकी को वारदात की सूचना दी। उस वक्त दरोगा मुनेश सिंह अपनी टीम के साथ गश्त कर रहे थे।

मुनेश सिंह मौके पर पहुंचे तो सोनू ने बताया कि उसकी कार में जीपीएस लगा हुआ है। इसके बाद मुनेश सिंह ने जीपीएस से कार को ट्रैक किया। इसके बाद पुलिस टीम के साथ कार का पीछा करने लगे। बदमाशों का करीब 10 किमी. तक पीछा किया।

## घर पर फहराया इमरान की पार्टी का झंडा, वामपंथी पिता ने उतारा मौत के घाट

पेशावर। पाकिस्तान में चुनाव को लेकर मची खींचातान के बीच हत्या और अपहरण के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पाकिस्तान के आम चुनाव से पहले किस राजनीतिक दल का झंडा फहराया जाए इस लेकर बाप और बेटे में झगड़ा हो गया। इस पर गुस्साए पिता ने अपने बेटे की हत्या कर दी। रिपोर्ट के मुताबिक, बेटा हाल ही में कतर से काम करके लौटा था। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर में स्थित अपने घर पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी का झंडा फहराया था। इस लेकर बाप-बेटे में बहस तब छिड़ गई। पिता ने अपने बेटे को घर पर पीटीआई का झंडा फहराने से मना किया, लेकिन बेटे ने झंडा उतारने से मना कर दिया। बेटे ने कहा कि वह पीटीआई को नहीं छोड़ेगा। पुलिस ने बताया कि बेटे के इनकार से बहस बढ़ गई और गुस्से में आकर पिता ने अपने 31 वर्षीय बेटे पर पिस्तौल से गोली चला दी। अस्पताल ले जाते समय बेटे की मौत हो गई। पुलिस पिता की तलाश कर रही है। आरोपी पिता के बारे में कहा जा रहा है कि वह राष्ट्रवादी अवामी नेशनल पार्टी (एएनपी) से जुड़ा था। वह अपने घर पर आवामी पार्टी का झंडा भी फहरा चुका था। अवामी नेशनल पार्टी की बात करें तब यह पाकिस्तान में एक पश्तून राष्ट्रवादी, धर्मनिरपेक्ष और वामपंथी राजनीतिक दल है। पार्टी की स्थापना 1986 में अब्दुल वली खान ने की थी और इसके वर्तमान अध्यक्ष बाचा खान के पोते असफंदयार वली खान हैं। बाचा खान को दुनिया खान अब्दुल गफ्फार खान या बादशाह खान के नाम से जानती है।

## गाजा में इजरायल को बड़ा झटका, 20 से ज्यादा सैनिकों की मौत

गाजा। हमास के साथ जारी संघर्ष में इजरायल को बड़ा झटका लगा है। खबर है कि गाजा में हुए हमले में इजरायल के 20 से ज्यादा सैनिकों की मौत हुई है। आशंका है कि मौतों का आंकड़ा और भी आगे बढ़ सकता है। इजरायली सेना प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने मौत के ताजा आंकड़े पेश किए हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार को सैनिक एक भवन को गिराने के लिए विस्फोटक तैयार कर रहे थे। तभी आतंकियों की तरफ से दागा रॉकेट प्रोपैल्ड ग्रेनेड तोप के पास आकर गिरा और समय से पहले ही फट गया। इसके बाद भवन सैनिकों पर ही गिर गया। इसके पहले इजरायली सेना ने बताया कि गाजा पट्टी में तीन महीने के सबसे घातक हमले में 10 सैनिकों की मौत हो गई थी। गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए दर्जनों लोगों के परिवारों के सदस्य इजरायल की संसद में वित्त समिति की बैठक के दौरान प्रवेश कर गए। गुस्साए परिजनों ने कहा, आप (सांसद) यहां बैठक नहीं सकते, जब वे (बंधक) वहां मर रहे हैं। इससे पहले, रविवार की रात परिजनों ने विरोध-प्रदर्शन जारी रखने के लिए यरूशलम में तंबू गाड़ लिए और तब तक वहीं रहने का संकल्प लिया, जब तक सरकार कुछ बंधकों को मुक्त कराने के लिए किसी समझौते पर नहीं पहुंच जाती।

गाजा संघर्ष में मरे 25 हजार नागरिक

इस बीच संयुक्त राष्ट्र की मानवीय रिपोर्ट में सात अक्टूबर को युद्ध की शुरुआत के बाद से एन्क्लेव में 25 हजार से अधिक लोगों की मौत होने की बात कही गई है।

## ब्राजील में यात्री नाव पलटने से 6 की मौत

साओ पाउलो। ब्राजील के तट पर एक यात्री नाव के पलट जाने से छह लोग डूब गए और छह अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना साल्वाडोर के महानगरीय क्षेत्र के पास ऑल सेंट्स की खाड़ी में हुई। रिपोर्ट के अनुसार अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि दो लोग लापता हैं। मरने वालों में एक सात साल का लड़का और एक सत्रह साल का किशोर शामिल हैं। नौसेना के एक प्रवक्ता के अनुसार अधिकारियों ने यह निर्धारित करने के लिए जांच शुरू की कि क्या नाव पर लड़ाई के कारण वह पलट गई, क्योंकि यह लोगों को दो किलोमीटर दूर एक पार्टी में ले जा रहा थी और क्या जहाज यात्रियों के परिवहन के लिए व्यावसायिक उपयोग के लिए अधिकृत था। दुर्घटना के समय जहाज पर मौजूद यात्रियों की सटीक संख्या अज्ञात है।

## एर्दोगन के निमंत्रण पर अंकारा पहुंच रहे राष्ट्रपति रायसी


तेहरान। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी अपने तुर्की समकक्ष रेसेप तैयप एर्दोगन के निमंत्रण पर बुधवार को अंकारा के लिए रवाना होने वाले है। ईरान की आधिकारिक मीडिया ने इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि रायसी की तुर्किये की पहली यात्रा के दौरान उच्च पदस्थ राजनीतिक और आर्थिक प्रतिनिधिमंडल उनके साथ होगा। तुर्की-ईरान उच्च स्तरीय सहयोग परिषद की आठवीं बैठक की सह-अध्यक्षता करने और एक संयुक्त सम्मेलन आयोजित करने से पहले दोनों राष्ट्रपति रायसी के अंकारा पहुंचने के बाद एक निजी बैठक करने वाले हैं। रायसी और एर्दोगन दोनों देशों के व्यापारियों और व्यवसायियों की एक संयुक्त बैठक में भी शामिल होने वाले है।

## पूरी दुनिया हुई राममय... दुबई स्थित बुर्ज खलीफा में प्रभु रामलला की तस्वीर

दुबई। 500 साल बाद रामलला अयोध्या के राम मंदिर में विराजमान हुए हैं। सोमवार को हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह की देश भर के साथ-साथ विदेशों में भी धूम दिखाई दी। इसी कड़ी में दुबई स्थित दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग बुर्ज खलीफा ने अपने डिसप्ले पर भगवान राम की तस्वीर को लगाया गया। इसके अलावा प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित टाइम्स स्क्वायर पर भगवान राम की तस्वीरें और अयोध्या के भव्य राम मंदिर की 3डी तस्वीरें प्रदर्शित की गई थीं। साथ ही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले, ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ राम मंदिर के सदस्यों ने न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में लड्डू बांटे और लोगों से समारोह में शामिल होने की अपील की थी। अमेरिका के न्यूयॉर्क टाइम्स स्क्वायर, वाशिंगटन, डीसी, एलए, सैन फ्रांसिस्को, इलिनोइस, न्यू जर्सी, जॉर्जिया सहित बोस्टन जश्न का मनाया गया। इसके अलावा अमेरिका में विश्व हिंदू परिषद ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर गोल्डन गेट ब्रिज पर एक कार रैली का आयोजन किया गया। राम मंदिर के बारे में प्रेम भंडारी ने कहा कि हमने कभी नहीं सोचा था कि हम इस जीवनकाल में ये दिन देख पाएंगे। टाइम्स स्क्वायर में भी लोग इसका जश्न मना रहे हैं। ये सब पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहा है. दुनिया भर के लोग इस पल के लिए उत्सुक हैं। वहीं, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले मैक्सिको को भी राम मंदिर के रूप में देश का पहला मंदिर मिल गया है। मैक्सिको में बने राम मंदिर का उद्घाटन अमेरिका से आए पुजारी ने किया।

## अब स्टडी वीजा में 35 प्रतिशत की कटौती करेगी कनाडा सरकार

टोरंटो। कनाडा में पढ़ाई करने का सपना देखने वाले भारतीय छात्रो के लिए ये बुरी खबर है। कनाड़ा सरकार ने पढ़ाई के लिए वीजा देने वाले परमिट में 35 प्रतिशत तक कटौती करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से सभी छात्रों को वीजा मिलना कठिन हो जाएगा। इमीग्रेशन मंत्री मार्क मिलर ने सोमवार को ऐलान किया कि कनाडा विदेशी छात्रों के परमिट में 35 प्रतिशत की कमी करेगा। इस सीमा से




2024 में परमिटों की संख्या घटकर 364,000 हो जाएगी। इस वर्ष के अंत में 2025 की सीमा का फिर से रिव्यू किया जाएगा। मिलर ने कहा कि इससे उन संस्थानों पर असर पड़ेगा जो विदेश से आने वाले छात्रों से अधिक फीस वसूल रहे हैं और विदेशी छात्रों की संख्या में लगातार इजाफा कर रहे हैं। इसमें मास्टर्स और पीएचडी के लिए आवेदन करने वाले छात्रों को सीमा से छूट दी जाएगी। मिलर ने कहा, वे प्रतिभाशाली लोग हैं जिन्हें हमें बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वे जनसंख्या के आधार पर प्रांत द्वारा कैप स्पेस आवंटित करेंगे, जिसका अर्थ है कि कुछ प्रांतों में अनुमति प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की संख्या में भारी कमी देखी जाएगी। कनाडा सरकार को विदेशी छात्रों की बढ़ती संख्या से कनाडा के कई शहरों में गेस्ट हाउस की कमी का सामना करना पड़ा है। मिलर ने पहले उल्लेख किया है कि आवास की कमी के लिए एक सीमा एक आकार-फिट-सभी समाधान नहीं होगी, क्योंकि मुद्रास्फीति, सार्वजनिक आवास की कमी और नए निर्माण में बाधाएं सभी कमी को प्रभावित करने वाले कारक हैं। मिलर ने सोमवार को इस बात पर जोर दिया कि इस सीमा का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय छात्रों को दंडित करना नहीं है, जो इस देश के लिए एक मूल्यवान संपत्ति हैं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि उनका अनुभव और शिक्षा खत्म हो जाए।



गाजा में इजरायल ओर हमास के बची संघर्ष को देखते हुए रफाह में टेंट में रहने को मजबूर लोग।

## ताइवान में नई निर्वाचित सरकार को भारत ने दी बधाई, चीन को लगी मिर्ची

ताइपे। ताइवान के हालिया चुनावों में जीत हासिल करने वाले नेताओं को भारत ने बधाई दे दी है। भारत के कदम से चीन का बौखलाना तय है। दरअसल चीन हर उस देश पर अपनी भड़ास निकाल रहा है, जो ताइवान को बधाई दे रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान में भारत के प्रतिनिधि मनहर सिंह लक्ष्मणभाई यादव ने नवनिर्वाचित नेताओं को बधाई दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, यादव भारत के गणतंत्र दिवस का जश्न मनाने के लिए ताइपे में आयोजित एक स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उन लोगों को शुभकामनाएं दीं जिन्होंने ताइवान की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किया। मैं उन सभी व्यक्तियों को हार्दिक बधाई देता हूं जिन्होंने इस अवसर को अपनाया। मैं उन लोगों को भी बधाई देता हूं जिन्होंने इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किया। भारत-ताइपे एसोसिएशन (आईटीए) के महानिदेशक ने भी ताइवान में नवनिर्वाचित नेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण यहां के अच्छी तरह से स्थापित लोकतंत्रित मूल्यों का उदाहरण हैं। चीन, ताइवान को अपना क्षेत्र बताता है और जरूरत पड़ने पर बल प्रयोग कर अपने नियंत्रण में लाने का दावा करता है। चीन उन बयानों की कड़ाई से निंदा करता है जो द्वीप की सरकार को वैधता प्रदान करते प्रतीत होते हैं। चीनी विदेश मंत्रालय ने फिलीपीन के राजदूत को तलब किया और ताइवान के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने पर लाई चिंग ते को फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनांडो मार्कोस जूनियर द्वारा बधाई देने पर कड़ी आपत्ति जाहिर की। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि मार्कोस की टिप्पणी फिलीपीन द्वारा चीन के प्रति जाहिर की गई राजनीतिक प्रतिबद्धता का गंभीर उल्लंघन है और यह चीन के आतंरिक मामलों में हस्तक्षेप है।

# संयुक्त राष्ट्र ने जताई चिंता कहा- बारुद के ढ़ेर पर बैठे हैं मध्य पूर्व के देश

**कंपाला (एजेंसी)।** दुनिया के तमाम देश ऐसे हैं जिनकी पड़ोसी देश से दुश्मनी है। एक दूसरे पर हमले की फिराक में रहते हैं। हालात इतने ज्यादा खराब हैं कि दुनिया बारुद के ढेर पर बैठी दिखाई दे रही है, खासतौर से मध्य पूर्व के देशों को ज्यादा खतरा है। ये बात युगांडा की राजधानी कंपाला में रविवार को 77 देशों के समूह (जी77) और चीन के एक शिखर सम्मेलन में आई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस ने मध्य पूर्व को एक बारूद का ढ़ेर बताया और संघर्ष को पूरे क्षेत्र में भड़कने से रोकने के लिए हम जो कुछ भी कर सकते हैं वह करने की अपील की।

गुतरेस ने, जो पहले इजरायलियों और फिलिस्तीनियों के लिए दो-राष्ट्र समाधान के लिए अपना समर्थन दिया था उसे दोहराते हुए कहा कि इजरायल के सैन्य अभियानों ने बड़े पैमाने पर विनाश फैलाया है। तीन महीने से अधिक की तीव्र बमबारी के बाद गाजावासियों की जरूरतों पर प्रकाश डालते हुए ओसीएचए ने कहा कि गाजा में अब केवल 15 बेकरियां चालू थीं - राफा में छह और दीर अल बलाह में नौ - और वादी गाजा के उत्तर में कोई भी खुला नहीं है। इनमें से लगभग सभी चालू बेकरियों को संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम से समर्थन मिलता रहा है जिसने आटा, नमक, खमीर और चीनी प्रदान की है।

ओसीएचए ने रविवार को आपातकाल पर अपने नवीनतम अपडेट में कहा, इस पहल के माध्यम से, लगभग ढ़ाई लोग रियायती मूल्य पर ब्रेड खरीदने में सक्षम थे। इस बीच, फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए



संयुक्त राष्ट्र एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए ने सोमवार को बताया कि दूरसंचार शटडाउन को सात दिन हो गये हैं। अपने सबसे हालिया अपडेट में, यूएनआरडब्ल्यूए ने खुलासा किया कि गाजा के भीतर आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की संख्या 17 लाख तक पहुंच गई है। इनमें से कम से कम 335 लोग एजेंसी की सुविधाओं में शरण लेते समय मारे गए हैं, और 1,161 घायल हुए हैं। इसके अतिरिक्त, 7 अक्टूबर से अब तक यूएनआरडब्ल्यूए के 151 कर्मचारी मारे गए हैं और इसके 141 प्रतिष्ठानों को नुकसान हुआ है।

बता दें कि संयुक्त राष्ट्र की मानवीय रिपोर्ट में 7 अक्टूबर को युद्ध शुरू होने के बाद से एन्क्लेव में 25 हजार से अधिक लोगों की मौत होने की बात कही गई है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों से मिली जानकारी का हवाला देते हुए, संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय के लिए स्थापित कार्यालय (ओसीएचए) ने बताया कि इजरायली हमलों के कारण 62,681 फिलिस्तीनी घायल हुए हैं। ये हमले इज़रायल में हमास के नेतृत्व वाले हमलों के जवाब में थे, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 250 बंधक बन गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ओसीएचए ने कहा कि शुक्रवार से गाजा में दो इजरायली सैनिक मारे गए हैं, जिससे जमीनी ऑपरेशन शुरू होने के बाद से कुल संख्या 193 हो गई है और 1,203 सैनिक घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र सहायता समन्वय कार्यालय ने कहा कि इसी अवधि में 343 फिलिस्तीनी मारे गए और अन्य 573 लोग घायल हुए।


## राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प को चुनौती दे सकती है मिशेल ओबामा



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी मिशेल ओबामा बाइडेन की जगह ले सकती हैं। अमेरिकी मीडिया में हाल की रिपोर्टों से पता चलता है कि मिशेल ओबामा 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में उतर सकती हैं। इससे उनका पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ संभावित मुकाबले का मंच तैयार हो सकता है। अमेरिकी अखबारों के मुताबिक लंबे समय से ट्रम्प के सलाहकार रोजर जे. स्टोन जूनियर की भविष्यवाणी के बाद ये अटकलें और तेज हो गई हैं। डोनाल्ड ट्रंप के लंबे समय से सलाहकार रहे रोजर जे स्टोन जूनियर ने आयोवा से एक हफ्ते पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि 'मैं लगातार भविष्यवाणी कर रहा हूं - जैसा कि मैं पिछले दो साल से कर रहा हूं कि मिशेल ओबामा 2024 में अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेट पार्टी की उम्मीदवार होंगी। बता दें कि अमेरिका में इस बात को लेकर चर्चाएं तेज होने लगी हैं कि 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव में अगर डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण चुनाव नहीं लड़ेंगे, तो पार्टी की अगला उम्मीदवार कौन होगा?

मीडिया रिपोर्ट्स में राष्ट्रपति जो बाइडेन की बहस में हिस्सा लेने की कथित अनिच्छा और पहले से लिखित स्क्रिप्ट दिए जाने की जरूरत का हवाला देते हुए मौजूदा चुनाव में जो बाइडेन के अगले संभावित उम्मीदवार के रूप में उभरने की संभावना को खारिज कर दिया गया है। एक लेख में कहा गया कि 'बाइडेन बहस नहीं करेंगे। हमारा कमांडर-इन-चीफ अपने सामने पहले से लिखी स्क्रिप्ट को इतनी तेजी से नहीं पढ़ सकता कि शब्दों का उच्चारण कर सके। इसलिए उनको भूल जाइए, जो कि हममें से अधिकांश लोग पहले से कर चुके हैं।' इन अटकलों को 2024 के चुनाव के बारे में मिशेल ओबामा की बातों से भी बल मिला है। मिशेल ओबामा ने एक रणनीतिक कदम उठाया और अपनी संभावित उम्मीदवारी के लिए समर्थन का आकलन करने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं को एक सर्वे भी भेजा है। रिपोर्ट से पता चलता है कि एक साल पहले 2022 की गर्मियों के दौरान मिशेल ओबामा ने कथित तौर पर न्यूयॉर्क में प्रमुख हेज फंड सीईओ से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि 'मैं रेस में दौड़ रही हूं, और मैं आपका समर्थन मांग रही हूं।'

## नवाज का दावाः पाकिस्तान दुनिया से बहुत पीछे, आसान नहीं हैं हालात सुधारना



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने दावा किया है कि दुनिया में कई देश बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं लेकिन पाकिस्तान काफी पिछड़ गया है। हालात इतने ज्यादा खराब हैं कि पटरी पर लाना काफी कठिन होगा। पूर्व पीएम ने अपने कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने न केवल पाकिस्तानी रुपए को डॉलर के मुकाबले 104 तक सीमित कर दिया था, बल्कि कैश की कमी वाले देश से बिजली कटौती को भी खत्म कर दिया था। उन्होंने नाम लिए बिना पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पीटीआई और उसके संस्थापक इमरान खान पर ताजा हमला बोला और अफसोस जताया कि खैबर पख्तूनख्वा के लोगों ने एक 'झूठे' को वोट दिया।

नवाज शरीफ पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के शहर मनसेहरा में एनए-15 पर चुनाव लड़ रहे हैं। सोमवार को एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दुनिया में पिछड़ गया है और देश का पुनर्निर्माण करना होगा। नवाज का ये बयान तब आया जब पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (पीएमएल) सहित अन्य पार्टियां चुनावी प्रचार तेजी से कर रही हैं। पाकिस्तान के नेता 24 करोड़ की आबादी वाले मुल्क की आवाम को लुभाने के लिए जमकर चुनावी प्रचार कर रहे है। 2013 के चुनावों को याद करते हुए नवाज ने कहा कि जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई-एफ) प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने केपी में गठबंधन सरकार बनाने के लिए उनसे संपर्क किया था, हालांकि, उनकी संख्या के कारण उन्होंने सरकार बनाने से मना कर दिया। पीएमएल-एन के सुप्रीमो ने 2013 से जनवरी 2023 तक प्रांत पर शासन करने वाली पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इन लोगों ने इस प्रांत को बर्बाद कर दिया है। मैं केपी के लोगों से पूछता हूं कि पीटीआई ने अपने 10 साल के शासन के दौरान क्या किया।

## इजरायल ने खान यूनिस शहर में किया चौतरफा हमला, 190 की मौत

**यरुशलम (एजेंसी)।** गाजा के खान यूनिस शहर पर इजरायल ने चौतरफा हमला किया। जल, थल और नभ से हुए हमले में 190 लोगों की मौत हो गई है। गाजा के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इजरायली सेना एंबुलेंस रोक रही है, जिसके कारण मृतकों और घायलों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। शहरों में रहने वाले लोगों का कहना है कि इजरायली सेना आकाश, जमीन और समुद्र से हमले कर रही है जिसके कारण बड़ी संख्या में निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं। इजरायली हमलों में सोमवार को 190 लोग मारे गए जबकि 340 घायल हुए हैं। गाजा में मरने वालों की कुल संख्या 25,295 हो गई है।

शहर में चल रही लड़ाई के चलते अस्पताल से बाहर निकलना संभव नहीं है। इसलिए जो वहां आ रहा है, वहीं रुक जा रहा है। अस्पताल में फंसे एक शख्स ने बताया कि रविवार-सोमवार की रात बड़ी भयावह थी। इजरायली सेना की गोलाबारी एक भी मिनट के लिए नहीं रुकी। इसके कारण जान-माल का



भारी नुकसान होने की आशंका है। इजरायली संसद में चल रही बैठक के बीच पहुंचकर एक महिला ने अपने परिवार के बंधक तीन लोगों की रिहाई के लिए कुछ भी करने का आग्रह किया है। इस महिला के साथ बंधकों के 20 अन्य रिश्तेदार भी संसद परिसर में पहुंचे थे। हमास ने इन 130 बंधकों की रिहाई के लिए स्थायी युद्धविराम और इजरायली जेलों में बंद सभी फलस्तीनियों की रिहाई की मांग रख दी है जिसे इजरायल सरकार ने अस्वीकार कर दिया है।

इजरायली सैनिकों ने भूमध्य सागर के किनारे बसे अल-मवासी शहर के अल-खैर अस्पताल में छापेमारी कर वहां के मेडिकल स्टाफ को गिरफ्तार कर लिया। इस अस्पताल पर आतंकियों की मदद करने का आरोप है। अस्पताल के मरीजों की स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल रही है। इजरायली सेना अल-खैर अस्पताल के बारे में कोई जानकारी नहीं दे रही है। लेकिन उसने कहा है कि हमास के आतंकी अस्पताल के भीतर और बाहर से सैनिकों पर हमले कर रहे हैं जिसके कारण वहां पर लड़ाई हो रही है। खान यूनिस, जहां पर पिछले कई हफ्तों से भीषण लड़ाई चल रही है। वहां पर बड़ी संख्या में लोग घायल हो रहे हैं। लेकिन वहां केवल नासेर अस्पताल ही कार्य कर रहा है। उसमें बड़ी संख्या में घायल लाए जा रहे हैं। इन घायलों के लिए अस्पताल में जगह नहीं बची है, इसलिए कारिडोर-बरामदों में जमीन पर ही घायलों का इलाज हो रहा है। अस्पताल में इलाज के दौरान मरने वालों को परिसर में पड़ी खाली जगह में ही दफनाया जा रहा है।

## अफगानिस्तान को भुखमरी से उबारने भारत ने भेजीं मदद

काबुल। लंबे समय से हिंसा व आतंकवाद का शिकार रहा भारत का पड़ोसी देश अफगानिस्तान इस समय भुखमरी से जूझ रहा है। यहां पर बुरी तरह से तमाम फसलों की बर्बादी हो चुकी है। ऐसे में भारत ने मदद का हाथ बढ़ाया है। इसके लिए भारत ने खेती की जरुरी दवाई उपलब्ध कराई है। इसके पहले ट्रकों में भरकर अनाज भी भेजा जा चुका है। अब भारत ने अब कीटनाशक दवाएं भेजी हैं ताकि फसलों को सुरक्षित रखा जा सके। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने ईरान के चाबहार बंदरगाह के जरिए अफगानिस्तान को 40,000 लीटर मैलाथियान भेजा है। बता दें कि मैलाथियान एक कीटनाशक दवा है। इस दवा का इस्तेमाल आमतौर पर मच्छरों और विभिन्न प्रकार के कीड़ों को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है जो फलों, सब्जियों, पौधों और झाड़ियों पर हमला करते हैं। जानकारों की मानें तो इस कीटनाशक दवा का इस्तेमाल टिड्डियों के खतरे से लड़ने के लिए ज्यादातर किया जाता है। हालांकि मैलाथियान एक ईको-फ्रेंडली कीटनाशक है और सूखे इलाकों के लिए सबसे ज्यादा सही मानी जाती है। अफगान कृषि और सिंचाई मंत्रालय के अनुसार, भारत की ये मदद अफगानिस्तान और मध्य एशिया में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। अफगान मंत्रालय ने इस मदद के लिए भारत के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भारत की मदद से देश के भीतर टिड्डियों से लड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान से आने वाली टिड्डियों को अब पूरी तरह से रोका जा सकेगा। गौरतलब है कि अफगानिस्तान से अमेरिकी के जाने और तालिबान की वापसी के बाद से भारत वहां के लोगों की लगातार मदद कर रहा है।

# चीन की गोदी में बैठे राष्ट्रपति मोइज्जू, भारत के साथ खत्म किया यह समझौता

**माले (एजेंसी)।** भारत के साथ चल रहे विवाद के बीच मालदीव ने एक और नापाक चाल चल दी है। मालदीव ने भारत के साथ समुद्री सर्वेक्षण के समझौते को खत्म करने के बाद चीन के साथ हाथ मिलाया है। मालदीव और चीन मिलकर अब हिंद महासागर का सर्वेक्षण करने और इसके लिए चीनी सेना का जासूसी जहाज शियांग यांग होंग 03 आगामी 30 जनवरी को मालदीव की राजधानी माले पहुंच रहा है। इसके पहले श्रीलंका ने चीन के जासूसी जहाजों को अनुमति देने से मना कर दिया था। वहीं मालदीव के भारत विरोधी राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू ने इस पूरे मामले पर चुप्पी साध रखी है। इस बीच लक्षद्वीप विवाद के ठीक बाद अब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की कम्युनिस्ट पार्टी की अंतरराष्ट्रीय विभाग की उप मंत्री सुन हैयान माले पहुंची हैं और मुइज्जू के साथ मुलाकात की है।

माना जा रहा है कि सुन हैयान के इस दौरे के जरिए चीन ने मालदीव को समर्थन और भारत को संदेश देने की कोशिश की है। सुन हैयान का अचानक से यह दौरा तब हुआ है जब अभी कुछ दिन पहले ही मुइज्जू चीन का दौरा करने के बाद लौटे हैं। मुइज्जू ने चीन के राष्ट्रपति के साथ मुलाकात की थी और कई समझौतों पर हस्ताक्षर किया था। इन समझौतों के डिटेल को अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। मालदीव और चीन दोनों ने ही रणनीतिक संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने पर सहमति जताई थी।

रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले मालदीव के समुद्री संसाधन मंत्री अहमद शियाम चीनी जासूसी जहाज के पहुंचने की खबर का खंडन किया था। चीन का यह जासूसी शोध जहाज 100 मीटर लंबा है और 4500 टन वजनी है। यह जहाज मिसाइलों को ट्रैक करने के साथ-साथ समुद्र के अंदर छिपे प्राकृतिक संसाधनों का पता लगाने में माहिर है। विश्लेषकों का कहना है कि इस जासूसी जहाज के जरिए चीन सबमरीन के लिए रास्ता तैयार रहा है और आने वाले दौर में चीन की पनडुब्बियां हिंद महासागर में गश्त तेज करेंगी। माना जा रहा है कि चीन मालदीव के साथ मिलकर लक्षद्वीप के पास सर्वे की तैयारी कर रहा है।



# आईसीसी की 2023 की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान बने रोहित

**दुबई (एजेंसी)।** मंगलवार को रोहित शर्मा को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम का कप्तान चुना गया जिसमें स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और मोहम्मद शमी तथा मोहम्मद सिराज की तेज गेंदबाजी जोड़ी के अलावा दो और भारतीयों को जगह मिली है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बयान के अनुसार टीम में जगह बनाने वाले अधिकतर खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे भारत (उप विजेता) और ऑस्ट्रेलिया (विजेता) के अलावा सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से हैं। पारी का आगाज करने का मौका रोहित और शुभमन गिल को दिया गया है। भारतीय कप्तान ने पिछले साल एकदिवसीय प्रारूप में 52 के औसत से 1255 रन बनाए। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 208 रन की पारी खेली और 1584 रन के साथ इस प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड को जगह मिली है जिन्होंने पिछले साल लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और भारत के खिलाफ फाइनल में 137 रन की पारी खेली।

मध्य क्रम में कोहली, न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल के अलावा दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और मार्को यानसेन शामिल हैं। कोहली एकदिवसीय प्रारूप में 1337 रन बनाकर दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने पिछले साल छह शतक लगाए। उन्होंने एकदिवसीय प्रारूप में सर्वाधिक शतक के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ा और विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। मिशेल ने पांच शतक की मदद से 52.34 के औसत और 100.24 के स्ट्राइक रेट से 1204 रन बनाए। क्लासेन ने भी पूरे साल बल्ले से दबदबा बनाया। उन्होंने सेंचुरियन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 174 रन की मैच विजयी पारी भी खेली।

गेंदबाजी आक्रमण में सिराज, शमी और कुलदीप यादव की भारतीय तिकड़ी के अलावा ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा को जगह मिली है। जंपा ने 26.31 के औसत से 38 विकेट चटकाए और विश्व कप के लगातार तीन मुकाबलों में चार विकेट चटकाए। वह प्रतियोगिता में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर रहे। सिराज ने पिछले साल 44 विकेट चटकाए जिसमें श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप फाइनल में 21 रन देकर छह विकेट भी शामिल रहे। भारत ने एशिया कप फाइनल में श्रीलंका पर एकतरफा जीत दर्ज की। कुलदीप ने पिछले साल 49 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विकेट हासिल किए।

पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर चार चरण में 25 रन देकर पांच विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। शमी ने पूरे साल शानदार प्रदर्शन करते हुए चार बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन मुंबई में विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 57 रन पर सात विकेट रहा। किसी भी भारतीय खिलाड़ी को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय टीम में जगह नहीं मिली।



# जोकोविच 11वीं बार आस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में पहुंचे



**मेलबर्न (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच ने टेलर फ्रिट्ज को करीब चार घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में हराकर 11वीं बार आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। जोकोविच ने यह मुकाबला 7.6, 4.6, 6.2, 6.3 से जीता। वह जितनी बार भी यहां क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, उतनी बार अपराजेय रहे।

24 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन ने मेलबर्न पार्क पर सभी दस सेमीफाइनल और फाइनल जीते हैं। वह 48वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर या पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव से होगा। जोकोविच ने अब तक एक को छोड़कर सभी मुकाबलों में फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराया था। आस्ट्रेलिया में 2021 में मुकाबला पांच सेटों तक खिंचा था। महिला वर्ग में कोको गाफ ने यूक्रेन की मार्ता कोस्त्युक को 7.6, 6.7, 6.2 से मात दी। अब उनका सामना गत चैम्पियन एरिना सबालेंका या बारबरा क्रेइसिकोवा से होगा।

# एकदिवसीय विश्वकप में टीम के खराब प्रदर्शन के लिए अशरफ जिम्मेदार: इंजमाम

**मुम्बई (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब पूर्व कप्तान इंजमाम-उल-हक ने कहा है कि गत वर्ष हुए एकदिवसीय विश्वकप में टीम के खराब प्रदर्शन के लिए उस समय पीसीबी प्रमुख रहे जका अशरफ जिम्मेदार हैं। पाक टीम की हार के बाद मुख्य कोच और चयन समिति के अध्यक्ष रहे इंजमाम के अलावा टीम के कप्तान बाबर आजम ने भी इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद अशरफ को भी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना पड़ा। वहीं इससे पहले अशरफ ने कहा कि विश्व कप टीम का चयन कप्तान और मुख्य चयनकर्ता ने किया था और बोर्ड का उसमें कोई दखल नहीं था। इसलिए इस मामले में उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं बनती। विश्ववकप में पाक टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और वह अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही और नॉकआउट के लिए क्वालीफाई नहीं कर पायी।



इंजमाम ने कहा, क्या आप खिलाड़ियों की मानसिकता की कल्पना कर सकते हैं जब विश्व कप जैसे शीर्ष आयोजन के दौरान वे सुनते हैं कि पीसीबी अध्यक्ष कह रहे हैं कि टीम का चयन बोर्ड द्वारा नहीं बल्कि कप्तान और मुख्य चयनकर्ता द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा, इससे खिलाड़ियों के दिमाग में क्या चल रहा होगा जब उन्होंने सुना कि मुख्य चयनकर्ता के खिलाफ भी एक जांच समिति बनाई गई है और उन्होंने इस्तीफा दे दिया है। मैं अभी भी अपने खिलाफ उस जांच समिति की उस रिपोर्ट का इंतजार कर रहा हूं जो यह जांच करने के लिए बनाई गई थी कि मुख्य चयनकर्ता रहते हुए मैंने हितों का टकराव किया था या नहीं।

# महिला प्रीमियर लीग 2024 का पूरा शेड्यूल आया सामने, 23 फरवरी से शुरू होगा टूर्नामेंट

**डरबन (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग 2024 का पूरा शेड्यूल सामने आ गया है जिसमें पिछले साल की चैंपियन मुंबई इंडियंस बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुरुआती मैच में दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी। डब्ल्यूपीएल का 2024 सीजन 23 फरवरी से शुरू होने वाला है जिसका फाइनल 17 मार्च को नई दिल्ली में खेला जाएगा।



इस साल महिला प्रीमियर लीग में कुल 22 मैच होंगे। फाइनल मैच 17 मार्च को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। सभी मैच शाम 7:30 बजे शुरू होंगे। एलिमिनेटर 15 मार्च को खेला जाएगा। पिछले सीजन की तरह डब्ल्यूपीएल में कोई होम-अवे प्रारूप नहीं होगा। हालांकि आगामी सीजन में टूर्नामेंट दो शहरों, दिल्ली और बेंगलुरु में खेला जाएगा।

डब्ल्यूपीएल का 2024 सीजन पिछले साल के समान प्रारूप का पालन करेगा जिसमें लीग चरण में शीर्ष तीन टीमें प्लेऑफ़ के लिए क्वालीफाई करेंगी। लीग तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें 15 मार्च को एलिमिनेटर खेलेंगी। पिछले साल भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में मुंबई इंडियंस ने डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन सत्र में दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हराकर चैंपियन का खिताब जीता था। डीसी कप्तान मेग लैनिंग 345 रन बनाकर टूर्नामेंट के अग्रणी रन-स्कोरर रहीं जबकि एमआई की हेले मैथ्यूज ने 10 मैचों में 16 विकेट लेकर पर्पल कैप जीती।

### डब्ल्यूपीएल 2024 का पूरा कार्यक्रम इस प्रकार है

23 फरवरी- मुंबई इंडियंस बनाम दिल्ली कैपिटल्स, बेंगलुरु
24 फरवरी- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम यूपी वॉरियर्स, बेंगलुरु
25 फरवरी- गुजरात जायंट्स बनाम मुंबई इंडियंस, बेंगलुरु
26 फरवरी - यूपी वॉरियर्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स, बेंगलुरु
27 फरवरी - रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम गुजरात जायंट्स, बेंगलुरु
28 फरवरी - मुंबई इंडियंस बनाम यूपी वॉरियर्स, बेंगलुरु
29 फरवरी - रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम दिल्ली कैपिटल्स, बेंगलुरु
1 मार्च - यूपी वॉरियर्स बनाम गुजरात जायंट्स, बेंगलुरु
2 मार्च - रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम मुंबई इंडियंस, बेंगलुरु
3 मार्च - गुजरात जायंट्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स, बेंगलुरु
4 मार्च - यूपी वॉरियर्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, बेंगलुरु
5 मार्च - दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस, दिल्ली
6 मार्च - गुजरात जायंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, दिल्ली
7 मार्च - यूपी वॉरियर्स बनाम मुंबई इंडियंस, दिल्ली
8 मार्च - दिल्ली कैपिटल्स बनाम यूपी वॉरियर्स, दिल्ली
9 मार्च- मुंबई इंडियंस बनाम गुजरात जाइंट्स, दिल्ली
10 मार्च - दिल्ली कैपिटल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, दिल्ली
11 मार्च - गुजरात जायंट्स बनाम यूपी वॉरियर्स, दिल्ली
12 मार्च - मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, दिल्ली
13 मार्च - दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात जाइंट्स, दिल्ली
15 मार्च - दिल्ली में एलिमिनेटर
17 मार्च - दिल्ली में फाइनल (अरुण जेटली स्टेडियम)

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 : सपना ने जूडो में जीता गोल्ड मेडल, पिता करते हैं वेल्डर का काम

नई दिल्ली। तमिलनाडु के चेन्नई में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में सपना जूडो खेलते हुए अपने सपनों को साकार कर रही। इस प्रतियोगिता में सपना ने दूसरा गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने सोमवार यानी 22 जनवरी को ये मेडल जुडो अंडर-40 किलोग्राम वर्ग में जीता। बता दें कि सपना अभी 12वीं क्लास में पढ़ रही हैं। उनकी बचपन से ही मेडल जीतने में रुचि रही है। योग से शुरु हुआ सफर जुडो तक पहुंचा। यहां तक कि सपना ने कोविड के दौरान भी ट्रेनिंग करना नहीं छोड़ा था। सपना का सफर योग से शुरू हुआ, पांच साल पहले उन्हें कुछ दोस्तों ने जुडो में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। सपना के नाम अब 12 मेडल है, बता दें कि सपना के पिता एक वेल्डर हैं जबकि मां एक हाउसवाइफ हैं। सपना का कहना है कि वो मेडल के लिए पागल थी, चाहे खेल कोई भी हो। सपना ने कहा कि, मैं केवल मेडल जीतना चाहती थी, पास के स्कूल में मैंने कुछ बच्चों को योगा करते देखा और मैं भी उनके साथ शामिल हो गई। लेकिन कुछ दिनों बाद मेरी वहां कुछ अन्य बच्चों से दोस्ती हो गई और उन्हें जूडो की ट्रेनिंग लेते हुए देखा। मुझे ये खेल तुरंत पसंद आया और मैंने इसे जारी रखने का फैसला किया और इस तरह सफर शुरू हुआ।



# राहुल इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे : द्रविड़

हैदराबाद। बल्लेबाज केएल राहुल को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी नहीं मिलेगी। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि राहुल इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में विकेटकीपिंग नहीं करेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज गुरुवार से हैदराबाद में शुरू हो रही है।



द्रविड ने कहा कि इसका कारण ये है कि टीम में दो अच्छे विकेटकीपर रखे गये हैं। इस सीरीज में केएस भरत और ध्रुव जुरेल को विकेटकीपर के तौर पर टीम में जगह दी गयी है। द्रविड़ ने कहा, राहुल सीरीज में विकेटकीपर के रूप में नहीं खेलेंगे। हमने टीम चयन में ही ये साफ कर दिया था। हमने दो अन्य लोगों को विकेटीपर के तौर पर रखा था। राहुल ने दक्षिण अफीका में अपना काम काफी अच्छी प्रकार से किया था और उस सीरीज को ड्रा कराने में अहम भूमिका निभाई थी पर पांच टेस्ट मैचों की लंबी सीरीज को देखते हुए उन्हें विकेटकीपिंग से आराम देते हुए दो अन्य विकेकीपरों को ये जिम्मेदारी दी गयी है। भारतीय टीम पहले टेस्ट में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के बिना उतरेगा। विराट ने निजी कारणों से इस टेस्ट से अपना नाम वापस लिया था। टीम की कप्तान रोहित शर्मा करेंगे। वहीं जसप्रीत बुमराह उप-कप्तान की भूमिका में रहेंगे। 16 सदस्यीय भारतीय टीम में अवेश खान, मोहम्मद सिराज और मुकेश कुमार भी शामिल रहेंगे।

इंग्लैंड बनाम पहले दो टेस्ट के लिए भारतीय टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रित बुमरा (वीसी) और अवेश खान।

# एक जैसी गलतियां दोहराने के कारण हारी भारतीय महिला हॉकी टीम

**टोक्यो (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम के क्वालीफाई नहीं कर पाने के बाद जहां खिलाड़ियों में निराश है। वहीं इससे ये भी साफ हो गया है कि टीम अपनी गलतियों को अबतक टीम नहीं कर पायी है। टीम पैनाल्टी कार्नर को गोल में बदलने में असफल रहने के साथ ही बार बार एक सी गलतियों को करती दिखी। इसके अलावा उसके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी भी नजर आयी। वहीं टीम के मुख्य कोच यानेके शॉपमैन को हटाया जाना भी अब तय है। हॉकी इंडिया ने हालांकि अभी किसी बदलाव से इंकार किया है। पिछले दो ओलंपिक खेल चुकी भारतीय महिला हॉकी टीम तीन दशक की मेहनत के बाद भी विश्व स्तर पर अभी सफल नहीं हो पायी है। टोक्यो ओलंपिक में टीम चौथे स्थान पर रही थी।




वहीं हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा, '' यह निराशाजनक रहा। अब हमें अगले ओलंपिक के लिए नये सिरे से शुरुआत करनी होगी। अगले ओलंपिक की तैयारी में अभी चार साल का पर्याप्त समय है।'' भारतीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए हॉकी इंडिया के कुछ फैसलों को भी जिम्मेदार बताया जा रहा है। टोक्यो ओलंपिक में भारतीय टीम की कप्तान रही रानी रामपाल को बिना किसी कारण के बाहर कर दिया गया। रानी को टीम से हटाकर जूनियर टीम के कोच पद की जिम्मेदारी दे दी गयी। इसके अलावा पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ दीप ग्रेस इक्का और गुरजीत कौर की जगह अनुभवहीन युचा खिलाड़ियों को शामिल कर लिया गया। को भी युवा खिलाड़ियों को जगह देने के लिये बाहर किया गया लेकिन यह फैसला भी आत्मघाती रहा। मुख्य कोच शॉपमैन भी टीम के साथ लगातार नहीं बने रहे जिससे भी टीम को नुकसान हुआ।

# एलताज सफारली बने फुजेराह एंडोरेंस ब्लिट्ज़ शतरंज के विजेता, भारत के रौनक बने उपविजेता




फुजेराह, यूएई। अजरबैजान के अनुभवी ग्रांड मास्टर एलताज सफारली नें बेहतर टाईब्रेक के आधार पर भारत के युवा ग्रांड मास्टर रौनक साधवानी को पीछे छोड़ते हुए फुजेराह एंडोरेंस ब्लिट्ज़ शतरंज का खिताब अपने नाम कर लिया है। एलताज नें नौ राउंड में 6 जीत और 3 ड्रॉ खेलते हुए 7.5 अंक बनाए और इतने ही अंक बनाने वाले भारत के रौनक से दूसरे टाईब्रेक में 0.5 अंको से आगे रहे और पहला स्थान हासिल कर लिया। रौनक 7.5 अंक बनाकर उपविजेता रहे। ब्लिट्ज में 2667 रेटिंग वाले रौनक नें 2719 रेटिंग का प्रदर्शन किया। रौनक ने सबसे बड़ी जीत तजाकिस्तान के ग्रांड मास्टर फारुख ओमानतोव के खिलाफ पांचवे राउंड में दर्ज की, आखिरी राउंड में उन्होने अजरबैजान के गादिर गशिमोव से ड्रॉ खेला। फारुख 6.5 अंक बनाकर तीसरे स्थान पर रहे। अन्य खिलाड़ियों में टर्की के अज़ीज़ मेर्ट, अजरबैजान के गादिर गशिमोव, मालदोवा के विक्टर बोलोगन, अजरबैजान के अर्कडीज़ नाइडिश, उक्रेन के एडम तुखेव और मालदोवा के वीओरेल लोरडचेसचु 6 अंक बनाकर टाईब्रेज़ के आधार पर क्रमशः चौंथे से नौवे स्थान पर रहे। जॉर्जिया के मिखेल एम 5.5 अंक बनाकर दसवें स्थान पर रहे। फुजेराह के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन हमाद नें विजेताओं को पुरुष्कृत किया। प्रतियोगिता में कुल 24 देशो के खिलाड़ियों नें भाग लिया।

# भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार पर इंग्लैंड दे सकती है झटके : वॉन

**लंदन(एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि इस सीरीज में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है। वॉन के अनुसार भारतीय टीम को घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। दोनो ही टीमों के बीच पांच मैचों की ये टेस्ट सीरीज होगी। वॉन के अनुसार इंग्लैंड की टीम बैखौफ होकर खेल रही है। इसलिए वह भारतीय टीम को हरा भी सकती है।

वॉन ने भारतीय टीम को सीरीज का प्रबल दावेदार बताया है। उन्होंने लिखा, मैं वास्तव में भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का इंतजार कर रहा हूं। भारतीय टीम इसमें पसंदीदा है पर मुझे लगता है कि इंग्लैंड उन्हें एक या दो झटके दे सकती है। ऐसा हैदराबाद में भी हो सकता है। इंग्लैंड की टीम आक्रामक क्रिकेट खेलती है जिसका लाभ उसे मिल सकता है। इंग्लैंड की टीम को आक्रामक खेला से काफी फायदा हुआ है पर पहली बार ब्रैंडन मैकुलम और बेन स्टोक्स की जोड़ी भारत में टेस्ट क्रिकेट खेलेगी।

भारतीय टीम घरेलू धरती पर एक दशक से ज्यादा समय से टेस्ट सीरीज नहीं हारी है। वहीं इंग्लैंड की टीम ने अपनी आक्रामक रणनीति से से काफी मैच जीते हैं। इससे पहले पाकिस्तान में भी इंग्लैंड ने आक्रामक खेल से ही टेस्ट सीरीज जीती थी। इसके अलावा एशेज सीरीज को 0-2 से पिछड़ने के बाद भी बराबरी पर ला दिया था। इंग्लैंड की टीम को इससे पहले के भारत दौरे में मिली सीरीज जीत का भी मनोवैज्ञानिक लाभ मिलेगा।



# इंडोनेशिया मास्टर्स में प्रणव से रहेंगी उम्मीदें, सात्विक-चिराग हटे

जकार्ता। एचएस प्रणय इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की ओर से एकल में पदक के प्रबल दावेदार होंगे। इसका कारण ये है कि पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी टूर्नामेंट से हट गई है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने अपने व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए इस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। इस जोड़ी के हटने से टूर्नामेंट में भारत की उम्मीदों को झटका लगा है। चिराग और सात्विक के नहीं होने से पुरुष युगल में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला एकमात्र भारतीय जोड़ी होगी। वहीं एकल में प्रणय अपना पहला मैच सिंगापुर के लोह कीन यीयु से खेलेंगे। इस मैच प्रणय जीत के प्रबल दावेदार हैं क्योंकि यीयु के खिलाफ वह चार मुकाबले जीते और और उन्हें केवल एक हार मिली है। प्रणय पिछले हफ्ते इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में भी पहुंचे थे जहां उन्हें चीन के शी युकी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। प्रणय के अलावा भारत के ही लक्ष्य सेन पर भी सभी की नजरें रहेंगी। उन्हें पहले दौर में चीन के वेंग होंग येंग से खेलना है। इसके अलावा विश्व के 25वें नंबर के खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत पहले दौर में मलेशिया के ली जी जिया से खेलेंगे जबकि प्रियांशु की टक्कर डेनमार्क के रासमुस गेम्के से होगी।



# अल्कारेज ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में, ज्वेरेव से होगी भिड़ंत



**मेलबर्न (एजेंसी)।** दूसरे वरीय कार्लोस अल्कारेज ने सीधे सेट में जीत के साथ सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत ओलंपिक चैंपियन एलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगी। बीस साल के विंबलडन चैंपियन अल्कारेज 2023 में चोट के कारण सत्र के इस पहले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में नहीं खेल पाए थे।

दूसरे वरीय अल्कारेज ने प्री क्वार्टर फाइनल में मियोमिर केसमानोविच को दो घंटे से भी कम समय में 6-4, 6-4, 6-0 से हराया। ज्वेरेव ने एक अन्य प्री क्वार्टर फाइनल में 19वें नंबर के खिलाड़ी कैमरन नूरी को चार घंटे तक चले कड़े मुकाबले में 7-5, 3-6, 6-3, 4-6, 7-6 से हराया। दानिल मेदवेदेव भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे जबकि मेदवेदेव ने सोमवार को नुनो बोर्गेस को 6-3 7-6 5-7 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अंतिम आठ के मुकाबले में उनकी भिड़ंत नौवें नंबर के ह्युबर्ट हुरकाज से होगी जिन्होंने फ्रांस के वाइल्ड कार्ड धारक आर्थर केजो को 7-6, 7-6, 6-4 से हराया।

पुरुष एकल में शीर्ष वरियता प्राप्त खिलाड़ी चुनौती में बने हुए है तो महिला एकल में 12वें पायदान पर काबिज झेंग किनवेन शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी है। झेंग ने रैंकिंग में 95वें स्थान पर काबिज ओशियन डोडिन को 6-0, 6-3 से हराया। वह अगले दौर में रैंकिंग में 75वें पायदान पर काबिज अन्ना कलिंस्काया का सामना करेंगी। झेंग और कलिंस्काया के अलावा डायना यास्त्रेमस्का और लिंडा नोसकोवा ने पहली बार इस टूर्नामेंट के महिला एकल के अंतिम आठ में जगह बनाई। कलिंस्काया ने रैंकिंग में 26वें स्थान पर काबिज जैस्मिन पाओलिनी 6-4, 6-2 से मात दी। यास्त्रेमस्का ने महिला एकल में दो बार की चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका को सीधे सेट में 7-6 6-4 से हराया जबकि 18वें नंबर की एलिना स्वितोलिना जब नोसकोवा से 0-3 से पीछे चल रहीं थी तो उन्होंने पीठ की चोट के कारण मुकाबले से हटने का फैसला किया।

अजारेंका को पहले सेट में दो बार अपनी सर्विस पर सेट जीतने का मौका मिला और 6-5 के स्कोर पर उनके पास दो सेट प्वाइंट थे लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सकीं। यूक्रेन की यास्त्रेमस्का ने इसके बाद 74 मिनट में पहला सेट जीता। दूसरे सेट में भी बेलारूस की अजारेंका 3-0 ने आगे थी लेकिन यास्त्रेमस्का ने अगले सात में से छह गेम जीतकर मैच अपने नाम किया। यूक्रेन और रूस तथा बेलारूस के खिलाड़ियों के बीच परिपाटी को आगे बढ़ाते हुए अजारेंका और यास्त्रेमस्का ने हाथ नहीं मिलाए। नोसकोवा-स्वितोलिना के बीच हुए मुकाबले का पहला गेम 11 मिनट चला। नोसकोवा ने स्वितोलिना की सर्विस तोड़ी और फिर अपनी सर्विस बचाकर स्कोर 2-0 किया।

स्वितोलिना ने टाइम आउट लेकर कमर का उपचार कराया। मैच शुरू होने पर यूक्रेन की स्वितोलिना की सर्विस की गति काफी कम थी और उन्हें मूवमेंट में भी परेशानी हो रही थी। नोसकोवा ने इसका फायदा उठाकर फिर सर्विस तोड़ी और स्वितोलिना ने मुकाबले से हटने का फैसला किया।

# जी का सोनी के साथ विलय प्रस्ताव रद्द होने से शेयर मूल्यांकन घटेगा

**नई दिल्ली ।**

जी एंटरटेनमेंट का सोनी के साथ प्रस्तावित विलय रद्द होने से शेयर मूल्यांकन घट जाएगा। बता दें कि आवश्यक नियामक और शेयरधारक अनुमोदन के बाद जी एंटरटेनमेंट (जी) का सोनी के साथ प्रस्तावित विलय रद्द कर दिया गया है। विदेशी ब्रोकरेज सीएलएसए ने एक रिपोर्ट में कहा कि विलय रद्द होने के साथ जी का मूल्यांकन विलय की घोषणा से पहले देखे गए 12गुणा पीई स्तर अगस्त-21 तक घट जाएगा। पिछले दिनों प्रमोटर शेयर गिरवी संकट (2019 में) और व्यापार नकदी रूपांतरण में गिरावट के दौरान स्टॉक की रेटिंग कम हो गई थी। सीएलएसए ने कहा, हम 12 गुणा 1 वर्ष एफडब्ल्यूडी पीई के आधार पर 198 रुपये (300 रुपये थे) के संशोधित टीपी पर खरीद से बेचने तक का काम करते हैं।

इसके अलावा, रिलायंस और डिज्नी स्टार के कथित विलय के साथ प्रतिस्पर्धा तेज होनी चाहिए। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) सहित आवश्यक विनियामक अनुमोदन और जी के 99 प्रतिशत शेयरधारकों की मंजूरी के बाद सोनी के साथ जी के प्रस्तावित विलय को रद्द कर दिया गया है।

जी के विलय खत्म करने के लिए सोनी ने कथित उल्लंघनों पर 90 मिलियन डॉलर की समाप्ति शुल्क की मांग की है और यहां तक कि जी के खिलाफ मध्यस्थता का आह्वान भी कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जी सोनी के उल्लंघन के दावों से इनकार कर रहा है और जी के सीईओ, पुनीत गोयनका विलय के हित में पद छोड़ने के लिए सहमत थे। इसके चलते अब जी के स्टॉक मूल्यांकन में गिरावट की संभावना लग रही है।

उनका कहना है कि जी-सोनी विलय खत्म होने के साथ हमारा मानना है कि जी का पीई 12 गुना के स्तर पर वापस आ जाएगा, जैसा कि सोनी विलय की घोषणा (21 अगस्त) से पहले देखा गया था।

# पेट्रोल नोएडा में 27 पैसे, तो पटना में 88 पैसे हुआ सस्ता

**नई दिल्ली ।**

पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में आज गिरावट देखी गई है, वही वजह है कि नोएडा में पेट्रोल 27 पैसे, तो पटना में 88 पैसे सस्ता हुआ है। हालांकि कच्चे तेल की कीमतों में बीते 24 घंटे के दौरान करीब 2 डॉलर का उछाल आया है। बावजूद इसके मंगलवार सुबह सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में आज कमी आई है। यूपी, बिहार सहित देश के कई राज्यों में तेल की खुदरा कीमतें कम हुई हैं। हालांकि दिल्ली-मुंबई जैसे देश के महानगरों में आज भी तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार, नोएडा में पेट्रोल 27 पैसे गिरकर 96.65 रुपये लीटर बिक रहा है तो डीजल 26 पैसे सस्ता होकर 89.82 रुपये लीटर हो गया है। यूपी की राजधानी लखनऊ में आज थोड़ा महंगा हुआ और पेट्रोल 4 पैसे बढ़कर 96.47 रुपये लीटर तो डीजल 3 पैसे चढ़कर 89।66 रुपये लीटर बिक रहा है। बिहार की राजधानी पटना में आज सुबह पेट्रोल 88 पैसे सस्ता होकर 107.24 रुपये लीटर पहुंच गया है, जबकि डीजल 82 पैसे की गिरावट के साथ 94.04 रुपये प्रे ति लीटर बिक रहा है। इधर ग्लोबल मार्केट में सोमवार सुबह कच्चे तेल की कीमतों में भी भारी उछाल दिखा। ब्रेंट क्रूड का भाव चढ़कर 80.06 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई के रेट भी आज सुबह बढ़त दिखी और यह 75.19 डॉलर प्रति बैरल के भाव पहुंच गया। इस समय पेट्रोल-डीजल के दाम की बता करें तो दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# सीसीआई मल्टीनैशनल कंपनियों को राहत देने जुर्माना राशि में करेगा संतुलन



**नई दिल्ली ।**

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) बहुराष्ट्रीय कंपनियों को जुर्माने से राहत देने वाला है। अब सीसीआई उनकी गैर-प्रतिस्पर्धी प्रथाओं के लिए उनके वैश्विक कुल कारोबार के आधार पर सीधे तौर पर जुर्माना संभवतः नहीं लगाएगा। मगर वह प्रस्तावित दिशानिर्देशों के तहत कुछ खास परिस्थितियां आने पर जुर्माना लगा सकता है। इसके तहत जुर्माने की रकम उनके वैश्विक कुल कारोबार के स्तर तक बढ़ सकती है। इस मामले से अवगत एक व्यक्ति ने कहा कि 'सीसीआई संतुलन स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। भारतीय उद्योग जगत को नुकसान नहीं होना चाहिए, मगर प्रतिरोध भी दिखना चाहिए। इस संशोधन को बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर लक्ष्य करते हुए लाया गया था।' मामले के जानकारों के अनुसार, जुर्माने की बुनियादी रकम की गणना कंपनी के संबंधित कुल कारोबार के आधार पर की जाएगी जो घरेलू बाजार में उसका कुल कारोबार है।

दरअसल पिछले साल मार्च में लोकसभा में पारित भारतीय प्रतिस्पर्धा संशोधन अधिनियम की धारा 20 के तहत प्रतिस्पर्धा आयोग को शक्ति दी गई है कि अगर उसे उचित लगे तो वह इस प्रकार का जुर्माना लगा सकता है। मगर जुर्माने की रकम कंपनी के औसत कुल कारोबार अथवा आय का 10 फीसदी से अधिक नहीं होना चाहिए। नए कानून के तहत कुल कारोबार को किसी व्यक्ति या उद्यम को उसके सभी उत्पाद एवं सेवाओं से प्राप्त वैश्विक कुल कारोबार के रूप में परिभाषित किया गया है। उम्मीद की जा रही है कि इससे बाजार में प्रतिस्पर्धा को कम करने वाली परिस्थितियों की एक सूची बनेगी। उसी आधार पर कंपनी के वैश्विक कारोबार पर जुर्माने की रकम निर्धारित होगी।

# भारतीय स्टॉक मार्केट ने हांगकांग को पीछे छोड़ा, बना दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** हांगकांग के शेयर बाजार को पीछे छोड़ भारत का स्टॉक मार्केट दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। यहां पर विकास की संभावनाओं और नीतिगत सुधारों ने भारतीय शेयर बाजार को निवेशकों के लिए बेहतर बना दिया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय एक्सचेंजों पर लिस्टेड शेयरों का कुल वेल्यू मूल्य सोमवार को बंद होने तक 4.33 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जबकि हांगकांग का कुल वेल्यू 4.29 ट्रिलियन डॉलर था। इसी के साथ भारतीय शेयर बाजार वैश्विक स्तर पर चौथा सबसे बड़ा इक्विटी बाजार बन गया है। बता दें कि घरेलू स्टॉक मार्केट का शेयर मार्केट कैप 5 दिसंबर, 2023 को पहली बार 4 ट्रिलियन डॉलर को पार पहुंच गया था। इसमें से से लगभग आधी या 2 ट्रिलियन डॉलर का मार्केट कैप पिछले चार वर्षों में बढ़ा है। तेजी से बढ़ते रिटेल निवेशकों के आधार और मजबूत कॉर्पोरेट इनकम के कारण भारतीय इक्विटी बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। भारत ने दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश चीन के विकल्प के रूप में खुद को मजबूत किया है। वही वैश्विक निवेशकों और कंपनियों से नई कैपिटल को आकर्षित कर रहा है। इसका श्रेय भारत की स्थिर राजनीतिक व्यवस्था और उपभोग संचालित अर्थव्यवस्था को जाता है। एक तरफ जहां भारतीय शेयरों में लगातार तेजी आ रही है, वहीं दूसरी तरफ हांगकांग की स्टॉक मार्केट में ऐतिहासिक गिरावट देखी जा रही है। गौरतलब है कि चीन के कोविड-19 को लेकर कड़े प्रतिबंध, कंपनियों पर रेगुलेटरी बॉडीज की कार्रवाई, संपत्ति क्षेत्र में संकट और पश्चिम के साथ भू-राजनीतिक तनाव ने मिलकर चीन की रुतबे को खत्म कर दिया है। यदि देखा जाए तो चीन और हांगकांग के शेयरों का टोटल मार्केट वेल्यू 2021 में अपने पिक लेवल के बाद से 6 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा लुढ़क चुका है। हांगकांग के शेयर बाजार में नई कंपनियों लिस्टिंग खत्म हो गई है। एशिया का फाइनेंशियल हब कहे जाने वाले बाजार आईपीओ के लिए दुनिया के सबसे व्यस्त बाजारों में से एक ने अपनी स्थिति को भी खत्म कर दिया है। जबे कि विदेशी फंडों ने 2023 में भारतीय शेयरों में 21 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया, जिससे देश के बेंचमार्क एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स को लगातार आठवें साल बढ़त हासिल करने में मदद मिली।

# खराबी के चलते टेस्ला ने 4,000 से अधिक वाहन वापस मंगवाए

**नई दिल्ली ।**

एलन मस्क की वाहन कंपनी टेस्ला ने खराबी के चजते 4 हजार से अे धिक वाहनों को वापस मंगाया है। जानकारी के अनुसार एक सॉफ्टवेयर समस्या के कारण ऑस्ट्रेलिया में 2022 और 2023 के बीच बनाए गए 4,000 से ज्यादा मॉडल 3 और मॉडल वाई वाहनों को वापस मांगा है। बताया जा रहा है कि बुनियादी ढांचे, परिवहन, क्षेत्रीय विकास, संचार और कला विभाग (डीआईटीआरसीए) के अनुसार, 4,382 वाहनों में सॉफ्टवेयर समस्या के कारण ठंडे तापमान में गाड़ी चलाते समय स्टीयरिंग व्हील का उपयोग करना मुश्किल हो सकता है। कंपनी के नो टिस में कहा कि सॉफ़्टवेयर समस्या के कारण, ठंडे तापमान में स्टीयरिंग व्हील में समस्या आ सकती है। हालों कि इस




खराबी के बावजूद, वाहन चलाते समय ड्राइवरों को गंभीर चोट का खतरा नहीं है। हालांकि यह खराबी वाहन के प्रदर्शन को प्रभावित नहीं करेगी। मिली जानकारी के अनुसार प्रभावित वाहनों के मालिकों से कहा कि वे वाहन सॉफ्टवेयर वर्जन का निरीक्षण करने और वर्जन 2023.38 या उसके बाद के वर्जन में फ्री अपडेट करने के लिए टेस्ला से संपर्क जरूर करें, या अपने वाहन के सॉफ्टवेयर को अपडेट करें। जैसा कि वे आमतौर पर मेन स्क्रीन का उपयोग कर करते हैं। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में, टेस्ला ने अपने ऑटोपायलट सिस्टम को ठीक करने के लिए चीन में 1.6 मिलियन वाहनों को वापस बुलाया, जो देश में अब तक का सबसे बड़ा रिकॉल बताया जा रहा है।

## स्क्रू, हुक, सिक्कों पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ी, मोदी सरकार का आदेश

**नई दिल्ली ।** सोना और चांदी खरीदने वालों के लिए एक बड़ी खबर आई है। मोदी सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, स्क्रू, हुक, सिक्कों पर इंपोर्ट ड्यूटी 12.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। भारत में गोल्ड और सिल्वर पर फिलहाल कुल इंपोर्ट ड्यूटी 15 फीसदी (10 फीसदी बेसिक कस्टम ड्यूटी +5 फीसदी एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस है। नई दरें 22 जनवरी, 2024 से प्रभावी हो गई हैं। इस परिवर्तन का उद्देश्य आयात को विनियमित करना और घरेलू अर्थव्यवस्था का समर्थन करना है। वहीं, जीजेईपीसी सोना-चांदी पर आयात शुल्क को मौजूदा 15 फीसदी से घटाकर 4 फीसदी करने की मांग कर रही है। वहीं, अंतरिम बजट 2024 में कटे और पॉलिश किए गए हीरों पर सीमा शुल्क को मौजूदा 5 फीसदी से घटाकर 2.5 फीसदी करने की मांग की गई है। दरअसल काउंसिल ऐसा चाहती है ताकि सेक्टर को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बने रहने में मदद मिल सके। भारत की डायमंड और गोल्ड इंडस्ट्री सोना, हीरे, चांदी और रंगीन रत्नों समेत कच्चे माल के लिए आयात पर निर्भर है।




## जौमेटो में सोमवार को नहीं हुई नॉन-वेज फूड आइटम्स की डिलिवरी

**राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के चलते सरकार का निर्देश**

**मुंबई ।** पॉपुलर फूड डिलीवरी एप जौमेटो की ओर से उत्तर भारत के कई राज्यों में नॉन-वेज फूड आइटम्स की डिलिवरी अस्थाई रूप से बंद कर दी गई। कई शहरों में एप यूजर्स ने माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बारे में लिखकर अपनी परेशानी जाहिर की। इसके बाद जौमेटो ने ऐसा करने की वजह साफ की। हालांकि ये डिलिवरी सिर्फ सोमवार के लिए ही बंद की गई थी। जौमेटो ने बताया कि सरकार की ओर से मिले निर्देशों को ध्यान में रखते हुए यह बदलाव किया गया है। इसके बाद से कयास लग रहे हैं कि अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के चलते मोदी सरकार ने ये निर्देश दिए थे। फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म ने लिखा, उत्तर प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में नॉन-वेज आइटम्स की डिलिवरी सरकार से मिले निर्देशों के चलते रोक दी थी। एक यूजर को जवाब देकर एप ने कहा कि उम्मीद है इस जवाब से मदद मिलेगी। दरअसल यूजर ने पूछा था कि वह नॉन-वेज क्यों नहीं ऑर्डर कर पा रहा। नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के हेड वरुण खेरा ने उत्तर प्रदेश के लिए बताया था कि 22 जनवरी को राज्य के सभी रेस्टोरेंज केवल वेज फूड आइटम्स ही सर्व करे।

## ग्रो एप का सर्वर डाउन...कई यूजर्स ने कहा नुकसान की भरपाई कौन करेगा

**मुंबई ।**

ऑनलाइन वित्तीय सर्विस प्लेटफॉर्म ग्रो मंगलवार को ठीक से काम नहीं कर रही है। यूजर्स को मंगलवार सुबह से एप में लॉगिन करने में समस्या आ रही है। कई यूजर्स ने एक्स पर अपनी नाराजगी जाहिर कर तमाम ट्वीट किए। यूजर ने कहा, सुबह से ही मेरा ग्रो एप नहीं खुल रहा। मेरा ओपन पोजिशन खत्म होने वाला है। मेरे नुकसान की भरपाई कौन करेगा? दूसरे यूजर ने ग्रो, एनएसई और बीएसई को एक्से स पर टैग करते हुए लिखा कि 30 मिनट से कुछ गलत चल रहा है, ये क्या है? मैं ट्रेड नहीं कर सकता। मेरे नुकसान की भरपाई कौन करेगा? एक अन्य के यूजर ने ट्वीट किया कि ग्रो एप और उसकी वेबसाइट सुबह से काम नहीं कर रही है। कई बार प्रयास कर चुका हूं, वेबसाइट भी ट्राई कर के देख लिया। ग्रो ऐप भी काम नहीं कर रहा। ऐसा लगता है कि उनका प्रोडक्शन सर्वर डाउन है। कृपया जल्द ठीक करवाएं। एक अन्य ग्रो यूजर ने शिकायत की कि पिछले 2 घंटे से ग्रो एप डाउन है। इस कारण हमारे जो पैसे डूबे हैं, उसके लिए कौन जिम्मेदार है? इस यूजर ने बाजार नियामक सेबी से भी गुहार लगाई है कि इन वजहों से निवेशकों को जो नुकसान होता है उसके लिए कदम उठाए जाएं।




# शेयर बाजार भारी गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 1053, निफ्टी 333 अंक टूटा**

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बिकवाली हावी होने से बाजार टूटा है। कारोबार के दौरान एचडीएफसी बैंक का शेयर लगातार नीचे आया। वहीं जी इंटरटेनमैंट का शेयर तकरीबन 30 फीसदी गिरा। इन दोनों शेयरों में बिकवाली से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला पर से सिलसिला अधिक देर तक नहीं चल पाया और बाजार नीचे आने लगा। अंत में तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1053.10 अंक तकरीबन 1.47 फीसदी नीचे आकर 70,370.55 अंक पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी ऊपर आया और यह 1.54 फीसदी तकरीबन 333 अंक टूटकर 21,238.80 पर बंद हुआ।सेंसेक्स की कंपनियों में सनफार्मा का शेयर सबसे अधिक 3.67 फीसदी ऊपर आया। इसके अलावा भारती एयरटेल, आईसीआईसी बैंक, पावरग्रिड टीसीएस और बजाज फिनसर्व के शेयरों में बढ़त रही

वहीं बैकिंग शेयरों में आज जमकर गिरावट रही। इंडसइंड बैंक का शेयर 6.13 फीसदी नीचे आया। इसके साथ ही स्टेट बैंक एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, इन्फोसिस, रिलायंस समेत 24 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। जानकारों के अनुसार ये गिरावट विदेशी निवेशकों की बिकवाली और वाले दिग्गज शेयरों के नीचे आने से आई है। एचडीएफसी बैंक के शेयर मंगलवार को इंट्रा-डे कारोबार में बीएसई पर




करीब 4 फीसदी नीचे आकर सबसे निचले स्तर 1,425.05 रुपये पर पहुंच गए। एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक सप्ताह में एचडीएफसी बैंक के मार्केट कैप में 15 फीसदी की गिरावट आई है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की अगुवाई में तेज बिकवाली के कारण एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकर 1.9 ट्रिलियन रुपये कम हो गया है। इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त के साथ खुला। दुनिया भर के बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच ही लिवाली (खरीदारी) से ये उछाल आया है। इसके अलावा दिसंबर तिमाही के अच्छे परिणामों के साथ ही आईसीआईसीआई बैंक सहित कई अन्य शेयरों में खरीदारी से भी बाजार ऊपर आया। शुरुआती कारोबार में तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 593 अंक करीब 0.83 फीसदी ऊपर आकर 72,017 के स्तर पर पहुंच गया जबकि पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 170 अंक तकरीबन 0.79 फीसदी उछलकर 21,741 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, टीसीएस, एचसीएल टेक, आरआईएल, बजाज फिनसर्व और टेक एम के शेयर 3.5 फीसदी तक बढ़े। वहीं व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक 0.8 फीसदी तक उछले। इसके अलावा इंट्राडे कारोबार में मिडकैप इंडेक्स 38,647 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा।

## मात्र 15 सेकेंड्स में हैक कर दिया सवा लाख का आईफोन

**-एथिकल हैकर्स ने चकित कर दिया था एप्पल को**

**नई दिल्ली ।** सवा लाख रुपए के महंगे आईफोन को महज 15 सेकेंड्स में हैक करना किसी को भी हैरान कर सकता है। हर साल चीन के चेंगदू में तियानफू कप का आयोजन किया जाता है। इसमें वाइट हैट हैकर्स अपनी स्किल्स दिखाते हैं। साल 2021 में भी इस आयोजन में हैकर्स पहुंचे और अपनी स्किल्स का जादू दिखाकर बड़ी-बड़ी टेक्नोलॉजी दिग्गज कंपनियों को सरप्राइज कर दिया है। इसी साल इस कंपीटिशन में एक बड़ा नाम एप्पल का था, जिसे एथिकल हैकर्स ने चकित कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उस समय आईओएस 15.0.2 पर चल रहे लेटेस्ट आईफोन 13 प्रोको हैकर्स एक बार नहीं बल्कि दो बार लाइव हैक कर दिखाया। इसमें हैकर्स को सिर्फ 15 सेकेंड का समय लगा। कंपटीशन में शामिल हुई टीमों में से एक कुनलुन लैब थी जो 15 सेकंड से कम समय मेंआईफोन 13 प्रो में सेंध लगाने में सफल रही थी। टीम ने स्मार्टफोन को हैक करने के लिए सफारी ब्राउजर में एक वल्नेरेबिलिटी का फायदा उठाया था। आईफोन 13 प्रो की मौजूदा शुरुआती कीमत 1,19,900 रुपये है। कुनलुन लैब के सीईओ क्यूहो 360 के पूर्व सीटीओ रहे थे। सीईओ ने महज 15 सेकेंड में सबके सामने स्मार्टफोन को लाइव हैक करके दिखाया था। हालांकि, इस हैकिंग के प्रयास से पहले उन्होंने कई हफ्ते की तैयारी भी की थी। इस कंपटीशन में न सर्फि कूनलून लैब ने आईफोन 13 प्रो को हैक किया था। बल्कि एक और पांगू ने आईफोन 13 को भी बेहद कम समय में हैक कर दिखाया था। इसके लिए टीम को 300,000 डॉलर का इनाम भी दिया गया था। आपको बता दें कि बाद में ये हैकर्स संबंधित कंपनियों को अपनी खामियों को दूर करने के लिए तरीके भी बता देते हैं। बता दें कि आईफोन की पहचान दुनियाभर में सबसे सिक्योर फोन्स में होती है। इसकी प्राइवेसी और सिक्योरिटी की वजह से इसे दुनियाभर के सारे बड़े सेलिब्रिटी भी इस्तेमाल करते हैं।



# नेशनल पेंशन प्रणाली को बेहतर बनने की घोषणा कर सकती मोदी सरकार

**नई दिल्ली ।**

नेशनल पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को मोदी सरकार और भी आकर्षक बनाने की कवायद इस बार के बजट में कर सकती है। माना जा रहा है कि मोदी सरकार इस लेकर कई घोषणाएं भी कर सकती है। इसमें मोदी सरकार 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए योगदान तथा निकासी पर कर रियायतें बढ़ाने की बात कर सकती है। पेंशन फंड नियामक पीएफआरडीए ने नियोक्ताओं द्वारा योगदान के लिए टैक्सेशन के मोर्चे पर कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय (ईपीएफओ) में समानता का अनुरोध किया है। इस संबंध में कुछ घोषणाएं अंतरिम बजट में किए जाने की उम्मीद है।


वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह उनका छठा बजट होगा। वर्तमान में कर्मचारियों के लिए फंड निर्माण में नियोक्ताओं के योगदान में असमानता है, जिसमें कॉर्पोरेट द्वारा मूल वेतन और महंगाई भत्ते के 10 प्रतिशत तक के योगदान को एनपीएस योगदान के लिए कर से छूट दी गई है, जबकि ईपीएफओ के मामले में यह 12 प्रतिशत है। डेलॉयट की बजट उम्मीदों के मुताबिक, एनपीएस के माध्यम से लंबे समय की बचत को बढ़ावा देने और 75 वर्ष से ज्यादा उम्र के सीनियर सिटीजन के लिए टैक्स के बोझ को कम करने के लिए एनपीएस के सालाना हिस्से को 75 वर्ष की आयु से धारकों के लिए टैक्स फ्री किया जाना चाहिए।

रिपोर्ट के मुताबिक, एनपीएस को ब्याज और पेंशन के साथ शामिल किया जा सकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को एनपीएस से हासिल आय पर रिटर्न दाखिल न करना पड़े। वर्तमान में 60 प्रतिशत की एकमुश्त निकासी टैक्स फ्री है। नई टैक्स व्यवस्था के तहत एनपीएस योगदान के लिए कर छूट प्रदान करने की भी मांग उठ रही है। अभी धारा 80सीसीडी (1बी) के तहत एनपीएस में किसी व्यक्ति के 50,000 रुपए तक के योगदान पर पुरानी कर व्यवस्था के तहत कटौती होती है, लेकिन नई कर व्यवस्था के तहत नहीं।

यह पुरानी टैक्स व्यवस्था में धारा 80सी के तहत मिलने वाली 1.5 लाख रुपये की कर राहत से अधिक है।

## हैदराबाद की महिला को मिली 2.55 करोड़ की लोटस इलेट्रे की डिलेवरी

**हैदराबाद।** लग्जरी ब्रिटिश स्पोर्ट्स कार कंपनी लोटस ने इलेट्रे इलेक्ट्रिक कार के साथ पिछले साल भारत में प्रवेश किया था। इसकी शुरुआती कीमत 2.55 करोड़ रुपए एक्स शोरुम के मालिक को मुनाफा हुआ है। यह गाड़ी तीन वेरिएंट- लोटस इलेट्रे, लोटस इलेट्रे एस और लोटस इलेट्रे आर में उपलब्ध है। वहीं लोटस इलेट्रे एस की कीमत 2.75 करोड़ रुपए और लोटस इलेट्रे आर की कीमत 2.99 करोड़ रुपए एक्स शोरुम है। रिपोर्ट के अनुसार, हैदराबाद की एक महिला ने लोटस इलेट्रे की पहली डिलीवरी ली है। कार के साथ महिला की तस्वीरें भी सामने आईं हैं। इस इलेक्ट्रिक कार में वायरलेस स्मार्टफोन चार्जिंग, सीट एडजस्ट की सुविधा, 4-जोन ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, 15.1-इंच का फ्लोटिंग इंफोटेनमेंट टचस्क्रीन, डिजिटल ड्राइवर का डिस्प्ले और यात्रियों के लिए तीसरा डिस्प्ले मिलता है। यह डिस्पले एप्पल कार प्ले और एंड्रॉयड ऑटो को सपोर्ट करता है। इस कार में लेवल-2 एडीएएस तकनीक भी दी गई है। लोटस इलेट्रे में 2 पावरट्रेन दिए गए है और तीनों वेरिएंट में ड्यूल मोटर सेटअप के साथ समान 12किलोवाटप्रतिघंटा क्षमता का बैटरी पैक मिलता है। इलेक्ट्रिक कार की बैटरी एक बार चार्ज करने पर 600 किलोमीटर की रेंज देती है। यह 4.5 सेकेंड में 0-100 किमी/घंटा की रफ्तार पकड़ सकती है। इसकी टॉप स्पीड 258 किमी/घंटा है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in